सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 17 अप्रैल, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 103, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 309 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और सेंसेक्स 309 .40 अंक चढ़कर फिर से 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया।

} 10

## पूर्वोत्तर की खूबियां साझा करें विदेशी राजदूत : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की प्रासंगिकता समय के साथ बढ़ेगी, साथ ही उन्होंने विदेशी राजदूतों से उस क्षेत्र को देखने , समझने व अपनी सरकारों व उद्योग जगत के साथ क्षेत्र की खासियत को साझा करने का आग्रह किया।

} 12



### संक्षेप

## नये शिखर पर सोना 98,100 प्रति तोला

नयी दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी की होड़ के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमतों में 11 अप्रैल को सबसे बड़ी एक दिवसीय तेजी दर्ज की गई थी, जब स्थानीय बाजारों में इसकी कीमत 6,250 रुपये उछल गई थी।

(विस्तृत खबर भीतर)

## बीआर गवई होंगे अगले चीफ जस्टिस



नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने बुधवार को केंद्रीय कानून मंत्रालय से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को अगला सीजेआई नियुक्त करने की सिफारिश की। न्यायमूर्ति गवई मौजूदा सीजेआई के बाद उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं। वह 14 मई को 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। सीजेआई खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल छह महीने से अधिक होगा और वह 23 नवंबर, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।

## कुल्हाड़ी से बहू की हत्या के बाद की आत्महत्या

शाहजहांपुर। जिले में एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी मार कर अपनी बहू की कथित रूप से हत्या कर दी और बाद में खुद भी फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि थाना कांट अंतर्गत हठीपुर कुरिया में रहने वाली सुमित्रा (30 वर्ष) की उसके ही ससुर राजपाल सत्य ने कुल्हाड़ी से प्रहार करके हत्या कर दी। घटना की जानकारी आज सुबह मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से हुई पूछताछ के हवाले से बताया कि आरोपी ससुर अक्सर शराब पीता था और संभवतः मृतका से कुछ कहा सुनी होने पर उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से प्रहार करके उसकी हत्या कर दी।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 38.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 30.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- ईडी को समाप्त कर देना चाहिए : अखिलेश यादव (पृष्ठ–02)
- मानव दिवस सृजन में यूपी देश में अव्वल (पृष्ठ–02)
- आरबीआई ने शुरू किया आर्थिक सर्वेक्षण (पृष्ठ–10)
- गोयल ने निवेश योजनाओं पर चर्चा की (पृष्ठ–10)
- वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेंगे भारत–ब्राजील (पृष्ठ–10)


# 35 दवाओं के निर्माण व बिक्री पर लगा प्रतिबंध

एजेंसी

नयी दिल्ली। शीर्ष औषधि नियामक संस्था सीडीएससीओ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को निर्देश दिया है कि वे अस्वीकृत की गईं 35 फिक्स्ड-डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण को रोकें जिनमें दर्द निवारक, पोषण संबंधी पूरक आहार और मधुमेह रोधी दवाएं शामिल हैं।

एफडीसी दवाएं वे हैं जिनमें एक निश्चित अनुपात में दो या अधिक फार्मास्युटिकल घटकों (एपीआई) का संयोजन होता है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को ऐसी एफडीसी के लिए अपनी अनुमोदन प्रक्रिया की समीक्षा करने और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 तथा नियमों के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है। नियामक ने यह निर्देश तब जारी किए जब उसने पाया कि कुछ एफडीसी दवाओं को सुरक्षा और प्रभावकारिता के पूर्व मूल्यांकन के बिना विनिर्माण, बिक्री और वितरण के लिए लाइसेंस दे दिया गया है, जिससे जन स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। ग्यारह अप्रैल को भेजे गए पत्र में भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) डॉ. राजीव रघुवंशी ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ नियामक पैमाने पर फेल होने पर उठाया कदम

# सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र से पूछा-क्या हिंदू ट्रस्ट का हिस्सा होंगे मुस्लिम

### वक्फ संशोधन अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र से पूछा कि क्या मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति दी जाएगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को कैसे अस्वीकृत किया जा सकता है, क्योंकि कई लोगों के पास ऐसे वक्फों को पंजीकृत कराने के लिए अपेक्षित दस्तावेज नहीं होंगे।

उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ से तात्पर्य ऐसी प्रथा से है, जिसमें किसी संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ बंदोबस्ती (वक्फ) के रूप में मान्यता उसके ऐसे प्रयोजनों के लिए दीर्घकालिक, निर्बाध उपयोग के आधार पर दी जाती है, भले ही मालिक द्वारा वक्फ की कोई औपचारिक, लिखित घोषणा न की गई हो। पीठ ने कहा आप उपयोगकर्ता द्वारा ऐसे वक्फ को कैसे पंजीकृत करेंगे? उनके पास कौन से दस्तावेज होंगे? इससे कुछ पूर्ववत हो जाएगा। हां, कुछ दुरुपयोग है। लेकिन वास्तविक भी हैं। मैंने प्रिवी काउंसिल के फैसलों को भी पढ़ा है। उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को मान्यता दी गई है। यदि आप इसे पूर्ववत करते हैं तो यह एक समस्या होगी। विधायिका किसी निर्णय, आदेश या डिक्री को शून्य घोषित नहीं कर सकती। आप केवल आधार ले सकते हैं। मेहता ने कहा कि मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग वक्फ अधिनियम के तहत शासित नहीं होना चाहता। पीठ ने इसके बाद मेहता से पूछा क्या आप यह कह रहे हैं कि अब से आप मुसलमानों को हिंदू बंदोबस्ती बोर्ड का हिस्सा बनने की अनुमति देंगे। इसे खुलकर कहें। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब 100 या 200 साल पहले किसी सार्वजनिक ट्रस्ट को वक्फ घोषित किया जाता था, तो उसे अचानक वक्फ बोर्ड द्वारा अपने अधीन नहीं लिया जा सकता था और अन्यथा घोषित नहीं किया जा सकता था। पीठ ने कहा आप अतीत को दोबारा नहीं लिख सकते। मेहता ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति ने 38 बैठकें कीं और संसद के दोनों सदनों द्वारा इसके पारित होने से पहले 98.2 लाख ज्ञापनों की पड़ताल की। प्रधान ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सभी जिलों में खुलेंगे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय

### यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में रिफॉर्म पर सीएम का जोर, कहा, नये दौर की पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में सक्षम बने बोर्ड

विशेष संवाददाता



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा है कि 1995 में गठन के बाद से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गतिविधियों, क्षेत्र, कार्यप्रकृति में व्यापक परिवर्तन आ चुका है। बदलते समय की आवश्यकताओं के दृष्टिगत इनमें बदलाव किया जाना चाहिए।

बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में 28 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इन्हें 18 मंडलों पर पुनर्गठित किया जाए, साथ ही, प्रत्येक जनपद में एक-एक कार्यालय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मंडलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय बनाये जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए दौर की पर्यावरणीय चुनौतियों के समुचित समाधान के लिए बोर्ड में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, हैजार्ड्स वेस्ट, ई-वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन सेल का गठन किया जाए। इसी प्रकार, लोकशिकायत निवारण के लिए अनुसंधान एवं विकास संबंधी अध्ययन के लिए, पर्यावरणीय जन जागरूकता तथा प्रकाशन के लिए आईटी तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए विशेष यूनिट का गठन भी किया जाना चाहिए। इससे बोर्ड की प्रभावशीलता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने उद्योगों से संबंधित अनापत्ति आवेदन (सीटीओ/सीटीई) निस्तारण के समय को और कम करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लाल, नारंगी तथा हरी श्रेणी के लिए अनापत्ति आवेदन का निस्तारण 120 दिनों में किया जा रहा है। इसे क्रमशः अभी 40, 25 और 10 दिनों में किया जाना चाहिए। इस संबंध में आवश्यक तंत्र विकसित करें। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जाए। बेहतर होगा कि आईआईटी आदि प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के दक्ष युवाओं को अच्छे पैकेज पर नियुक्ति दी जाए। इस संबंध में नियमानुसार बोर्ड स्तर पर निर्णय लिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अनापत्ति एवं सहमति शुल्क में वर्ष 2008 के बाद कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस संबंध में बोर्ड द्वारा गहन विचार-विमर्श कर आवश्यक परिवर्तन किया जाना चाहिए।

## सीएम योगी के आह्वान पर छात्र बनेंगे पर्यावरण रक्षा के दूत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़ी पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर अब स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक के छात्र-छात्राएं पर्यावरण बचाने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, कठपुतली, रैली, प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस मिशन को लेकर पूरी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए बाकायदा निदेशक पर्यावरण को एक पत्र भेजा गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश के हर कोने में पर्यावरण जागरूकता की अलख जगाई जाएगी।

इस अभियान की सबसे रोचक बात होगी कलात्मक जागरूकता। सड़क किनारे नुक्कड़ नाटकों में दिखाया जाएगा कि प्लास्टिक का कचरा कैसे नदियों को मार रहा है। कठपुतलियों के माध्यम से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को मोटिवेट किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय मेलों में इको-फ्रेंडली प्रदर्शनियां लगेंगी। स्कूली ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अब अमेरिका ने चीन पर लगाया 245 प्रतिशत टेरिफ

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि चीन को अपनी जवाबी कार्वाई के कारण अब अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक शुल्क का सामना करना पड़ेगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर मंगलवार को अलग से दी जानकारी में कहा कि चीन ने बड़े बोइंग सौदे के तहत विमानों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। ये उन खबरों की पुष्टि करता है जिसमें दावा किया गया था कि चीन ने अपनी विमान कंपनियों से अमेरिकी विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग से विमानों की आपूर्ति न लेने का कहा है। ट्रंप ने इस खबर की जानकारी देते हुए चीन जैसे अपने विरोधियों के साथ व्यापार युद्ध में अमेरिका और उसके किसानों की रक्षा करने का संकल्प लिया। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को जारी तथ्य पत्र में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने आयातित प्रसंस्कृत महत्वपूर्ण खनिजों तथा उनसे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता से उत्पन्न राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिमों की जांच शुरू करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया, राष्ट्रपति ट्रंप ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# कांग्रेस ने किया देशव्यापी प्रदर्शन

### सोनिया, राहुल के खिलाफ ईडी के आरोपपत्र को लेकर जताया विरोध

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने के विरोध में बुधवार को देशव्यापी स्तर पर प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाया। मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप भी लगाया कि कि उसके शीर्ष नेताओं के खिलाफ प्रतिशोध की इस कार्वाई के सूत्रधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हैं।

पार्टी के कई नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बुधवार को सुबह ही पार्टी के पुराने मुख्यालय 24 अकबर रोड पहुंच गए और अपने नेताओं के पक्ष में तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने सोनिया गांधी जिंदाबाद , राहुल गांधी जिंदाबाद , तानाशाही नहीं चलेगी और मोदी-शाह जवाब दो के नारे लगाए। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और अवरोधक लगाए गए थे। पुलिस ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारी कांग्रेस के झंडे और तख्तियां लेकर पहुंचे थे। इन तख्तियों पर डरो मत, पूरा देश आपके साथ है, ईडी के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईडी ने ईजमाईट्रिप के ठिकानों पर मारा छापा

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में बुधवार को ईजमाईट्रिप के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी के परिसरों सहित कई राज्यों के विभिन्न ठिकानों पर फिर से छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि छापेमारी दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर सहित 55 स्थानों पर की गई। उन्होंने बताया कि ताजा कार्वाई मामले में एकत्र किये गये कुछ नये साक्ष्यों के आधार पर की गई है। सूत्रों ने बताया कि छापे ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच ईजमाईट्रिप के अध्यक्ष पिट्टी के दिल्ली स्थित परिसर पर भी मारे गए। कंपनी को उनके प्रमोटर के खिलाफ ईडी की कार्वाई ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सिलक्यारा टनल का पुनर्संचालन

### टनल पूर्ण होने से व्यापार, पर्यटन व रोजगार में होगी वृद्धि : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता



उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सिलक्यारा सुरंग के ब्रेकथ्रू कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में सिलक्यारा सुरंग निर्माण के दौरान 41 श्रमिक 17 दिनों तक भीतर फंस गये थे। जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतर्गत सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

सिलक्यारा सुरंग चारधाम यात्रा की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना है। लगभग 1384 करोड़ लागत की डबल लेन की इस सुरंग परियोजना की लंबाई 4.531 किलोमीटर है। सुरंग निर्माण से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के बीच की दूरी 25 किलोमीटर तक कम हो जाएगी, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा और समय की बचत होगी। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा टनल ब्रेकथ्रू के अवसर पर परियोजना से जुड़े सभी इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों, श्रमिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर न केवल उन्नत इंजीनियरिंग की सफलता ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** — व्यापार तनाव बढ़ने और अनिश्चितता के साथ मंदी की ओर बढ़ रही है वैश्विक अर्थव्यवस्था

# देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद

एजेंसी




संयुक्त राष्ट्र। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बावजूद लगातार मजबूत सार्वजनिक व्यय और जारी उदार मौद्रिक नीतिगत रुख के साथ भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इसके साथ यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखेगा। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

दूसरी तरफ, मौजूदा व्यापार तनाव बढ़ने और अनिश्चितता के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (अंकटाड) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2025 में वैश्विक वृद्धि दर धीमी होकर 2.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के रास्ते पर जाने की आशंका है। व्यापार और विकास दूरदर्शिता 2025 - दबाव, अनिश्चितता वैश्विक आर्थिक संभावनाओं को नया आकार देती शीर्षक से बुधवार को जारी रिपोर्ट में उन जोखिमों का जिक्र किया गया है जो वैश्विक परिदृश्य को पटरी से उतार रहे हैं। इसमें व्यापार नीति के स्तर पर झटके, वित्तीय अस्थिरता और अनिश्चितता का बढ़ना शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 2025 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जो 2024 की 6.9 प्रतिशत वृद्धि से थोड़ा कम है। लेकिन फिर भी यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा। अंकटाड का अनुमान है कि भारत 2025 में लगातार मजबूत सार्वजनिक खर्च और जारी उदार मौद्रिक नीति रुख के दम पर 6.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी में पांच साल में पहली बार नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है इससे घरेलू खपत के साथ-साथ निजी निवेश योजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया क्षेत्र की वृद्धि दर 2025 में 5.6 प्रतिशत रहेगी।

इसका कारण महंगाई में कमी से क्षेत्र के ज्यादातर हिस्सों में नरम मौद्रिक नीति रुख अपनाया जा रहा है। अंकटाड ने कहा, हालांकि, खाद्य मूल्य में उतार-चढ़ाव को लेकर जोखिम बना रहेगा और कर्ज की जटिल स्थिति बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी अर्थव्यवस्थाओं पर बोझ बढ़ा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था मंदी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# मुख्तार अंसारी की पत्नी अफसा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

जिला संवाददाता

मऊ। जिले की एक अदालत ने वर्ष 2020 के एक मामले के सिलसिले में मुख्तार अंसारी की पत्नी अफसा अंसारी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अफसा अंसारी के दक्षिण टोला थाने में दर्ज मामले में बार-बार समन के बावजूद अदालत में पेश नहीं होने के लिए वारंट जारी किया गया है। अफसा के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 299 के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है और उनका नाम अब मकरूल रजिस्टर में जोड़ा जा रहा है। मकरूल रजिस्टर उन फरार आरोपियों की सूची है जो अदालती कार्यवाही से बचते हैं। अदालत ने धारा 82 और 83 सीआरपीसी (भारतीय दंड सहिता) के तहत कार्रवाई करते हुए अफसा को भगोड़ा अपराधी घोषित किया था और उनकी संपत्ति कुर्क करने का निर्देश दिया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अंजनी कुमार पांडे ने बताया कि अफसा अंसारी को पहले ही वांछित घोषित किया जा चुका था और उस पर इनाम रखा गया था, जिसे अब बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया है। अदालत के आदेश के बाद अफसा का नाम मकरूल रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है और कानूनी कार्वाई ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ ईनाम की राशि बढ़ाकर की गयी 50 हजार

C M Y K

# योगी सरकार के प्रयास से यूपी में कम हुई जंगलों की आग

## जंगलों की आग को बढ़ने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा वन विभाग का मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन क्षेत्र व जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल मुस्तैद है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) से वन क्षेत्र/जंगल में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई हो या हेल्पलाइन पर आम

- **एफएसआई से सूचना या हेल्पलाइन पर फोन, तुरंत एक्टिव हो रहा अग्नि नियंत्रण सेल**
- **वन क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रों में 2020-2021 में आए थे 10275 मामले, 2024-25 में मुस्तैदी से घटी संख्या, सामने आए 2597 मामले**
- **योगी सरकार की मॉनीटरिंग से घटनाओं में आई कमी**

नागरिकों का फोन, हर सूचना पर वन विभाग के मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल एक्टिव है। अधिकारी हर सूचना की मॉनीटरिंग कर रहे हैं, जिससे साल दर साल उत्तर प्रदेश में



वन क्षेत्र व जंगलों में आग लगने की घटनाएं न्यूनतम हुई हैं। वन क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रों में 2020-2021 में आग लगने के 10275 मामले आए थे। विभाग की मुस्तैदी से 2024-25 (14 अप्रैल) में घटकर यह संख्या 2597 हुई है। विभाग की तरफ से निरंतर इस पर नजर रखी जा रही है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) ने पिछले दिनों राज्यों के साथ बैठक की थी, जिसमें वन अग्नि की घटनाओं को रोकने में योगी सरकार के प्रयासों की सराहना की थी। एफएसआई ने माना था कि उत्तर प्रदेश ने जंगल में लगी आग को पता करने और उसे जल्द से जल्द (24 घंटे) बुझाने में सबसे बेहतर कार्य किया है। लखनऊ मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल के नोडल अफसर पीपी सिंह ने बताया कि सेल 24 घंटे मुस्तैद है। इसके लिए आठ-आठ घंटे की तीन-तीन शिफ्ट में कर्मचारी तैनात किए गए हैं। प्रदेश में कहीं भी वन में आग से जुड़ी घटनाओं की सूचना आमजन लखनऊ में हेल्पलाइन नंबर 0522-2977310 पर दे रहे हैं। वहीं जनपदीय अधिकारी इन सूचनाओं पर कार्रवाई शुरू करने के साथ ही मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना भेज रहे हैं। सिंह के मुताबिक वनों में आग की सूचना उनके मोबाइल नंबर 9452162054 पर भी दी जा सकती है। इसके अलावा सभी जनपदों में स्थानीय हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया गया है। आग लगने की सूचना मिलने के उपरांत यूपी के तंत्र ने घटनास्थल तक पहुंचने के रिस्पांस टाइम को कम किया। इससे घटनाओं को रोकने में काफी हद तक यूपी ने सफलता प्राप्त की। 2022 में 24 घंटे में यूपी में जहां 55.78 फीसदी घटनाओं को रोकने में सफलता मिलती थी, वहीं 2023 में 74.99 फीसदी घटनाओं पर अंकुश पाया गया। तेजी से कार्य करते हुए रिस्पांस टाइम और तेज होने की बदौलत योगी सरकार की मॉनिटरिंग से 2024 में 80.08 फीसदी घटनाओं में कमी दर्ज हुई।

### इससे मिल रही मदद

- प्रदेश में स्थापित अग्नि नियंत्रण सेल-115
- मुख्य अग्नि नियंत्रण सेल, लखनऊ स्थित वन मुख्यालय
- एफएसआई द्वारा वन अग्नि अलर्ट सूचना पाने वाले पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी-3171
- जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित
- अग्नि रक्षक के रूप में स्थानीय ग्रामीणों किया जा रहा तैनात

### आग की घटनाओं में भारी कमी

| | |
|---|---|
| 2020 से 2021 | 10275 मामले |
| 2021 से 2022 | 6030 मामले |
| 2022 से 2023 | 3339 मामले |
| 2023 से 2024 | 4895 मामले |
| 2024 से अबतक | 2597 मामले |

# मानव दिवस सृजन में यूपी देश में अव्वल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत बनाने ग्रामीण क्षेत्र का समग्र व चहुंमुखी विकास किया जाना बहुत जरूरी है और इस दिशा में उत्तर प्रदेश में बहुत ही उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य हुए हैं। वर्ष 2024-25 में मनरेगा में 26 करोड़ मानव दिवस सृजन के लक्ष्य के सापेक्ष प्रदेश में 33 करोड़ 64 लाख से अधिक मानव दिवस का सृजन किया गया है और मानव दिवस सृजन में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है। खास बात तो यह भी है मानव दिवस सृजन में महिला सहभागिता 42 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में मनरेगा के तहत 6.22 लाख परिवारों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जोकि देश में सर्वाधिक है।

केशव प्रसाद अपने कैम्प कार्यालय पर ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि मनरेगा में महिला श्रमिकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के कार्य में और तेजी लायी जाये, इससे महिलाओं के आजीविका संवर्धन में मदद मिलेगी। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि 100 दिन कार्य करने वाले श्रमिकों को बीओसीडब्ल्यू बोर्ड में पंजीयन कराया जाये। उन्होंने बताया कि लगभग 70 प्रतिशत श्रमिकों का पंजीयन करा दिया गया है। कहा कि इस सम्बन्ध में श्रम मंत्रालय से पत्राचार किया जाये और ऐसी व्यवस्था बनायी जाये कि 100 दिन कार्य करने वाले परिवारों का बी ओ सी डब्ल्यू बोर्ड में आटोमेटिक पंजीयन हो जाये। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गांवों की आन्तरिक गलियों के निर्माण व जल निकासी कार्यों की कुछ जिलों की रिपोर्ट मंगाकर उपलब्ध करायी जाये। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग में जिन जिलों में विशेष उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य किया गया है, वहां के सम्बन्धित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को सम्मानित किया जाये। उन्होंने कहा कि सोशल आडिट के कार्य में तेजी लायी जाये। अमृत सरोवर पानी से लबालब भरे नजर आने चाहिए। मनरेगा कन्वर्जेंस के कार्यों का रेण्डम परीक्षण कराया जाये।

## संक्षेप

### लखनऊ, गाजियाबाद व नोएडा में बनेगा महिलाओं के लिए छात्रावास

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित, सुलभ और किफायती आवास उपलब्ध कराने के मकसद से लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में आधुनिक छात्रावास के निर्माण की योजना बनाई है। पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत उत्तर प्रदेश में कामकाजी महिलाओं के लिए कुल आठ छात्रावास के निर्माण को मंजूरी दी गई है। ये छात्रावास लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में बनाए जाएंगे और इनमें से प्रत्येक में 500 महिलाओं के रहने की व्यवस्था होगी। बताया गया है कि छात्रावास निर्माण परियोजना के लिए 381.56 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार ने 251.8296 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है, जिसे राज्य के वित्त विभाग ने महिला कल्याण विभाग को हस्तांतरित कर दिया है। छात्रावास बनाने के लिए निर्माण एजेंसी नामित कर दी गई है। इसमें कहा गया है कि निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है।

### गरीबों की समस्याओं का ध्यान रखे सरकार



**लखनऊ।** अमेरिका के शुल्क विवाद को लेकर दुनिया भर में मची आर्थिक खलबली के बीच बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कहा कि भारत के करोड़ों गरीबों की अपनी विशेष समस्याएं और चिंताएं हैं जिनका सरकार को अपनी नीति बनाते समय ध्यान रखना चाहिये। उन्होंने आरोप लगाया कि डबल इंजन की उप्र सरकार सर्वसमाज के गरीबों के हित के लिए कार्य ना करके, सपा सरकार की तरह ही, केवल कुछ क्षेत्र और समूह विशेष के लिए समर्पित रहना चाहती है। मायावती ने बुधवार यहां उत्तर प्रदेश व पड़ोसी उत्तराखंड राज्य में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों की अहम बैठक में दोनों राज्यों में पार्टी संगठन की समीक्षा की। पार्टी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि मायावती ने अमेरिका के शुल्क विवाद को लेकर कहा कि भारत के करोड़ों गरीबों की अपनी विशेष समस्याएं और चिंताएं हैं जिनका सरकार को अपनी नीति बनाते समय ध्यान रखना चाहिये। उन्होंने कहा, आर्थिक चुनौतियों का सामना करते समय भारत को अपने आत्म-सम्मान पर कोई आंच नहीं आने देना चाहिये। ऐसे में भारत की जनता के हित को प्रथम रखकर फैसला किया जाना देशहित में बेहतर होगा। मायावती ने कहा, कि ऐसे विकट समय में भाजपा, उसकी राज्य सरकारों तथा उसके नेताओं को संकीर्ण राजनीति त्याग कर केन्द्र सरकार के कंधे से कंधे मिलाकर सहयोग करने की पहल करनी चाहिये। बसपा नेता ने कहा, कि यह ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा सरकारों के लिए सही संवैधानिक दायित्व निभाना जरूरी है।

# ईडी को समाप्त कर देना चाहिए : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को समाप्त कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि आर्थिक अपराधों से निपटने के लिए आयकर सहित विभाग पहले से मौजूद हैं।

मैं कांग्रेस से भी यही मांग करने को कहूंगा। कई संस्थायें हैं जो आर्थिक अपराधों को देखती हैं। ईडी होने का मतलब है कि आप आयकर विभाग या जीएसटी जैसे अपने संगठनों पर भी भरोसा नहीं कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज जिन जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा कांग्रेस उठा रही है, वे उन्हीं के शासनकाल में अस्तित्व में आयी। जब ईडी के कानूनी ढांचे की नींव रखी जा रही थी, तब कई विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया था और कांग्रेस को आगाह किया था कि भविष्य में यही संस्था उनके खिलाफ हथियार बन सकती है। हमें जानकारी मिली थी कि महाराष्ट्र में जो नेता भाजपा के खिलाफ थे, वे ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स से बच नहीं पाये। जब लोग जीएसटी दे रहे है, इनकम टैक्स जैसा विभाग है तो ईडी की क्या जरूरत है? अखिलेश यादव ने कहा कि नोटबंदी के बाद उत्तर प्रदेश में जगह-जगह बहुत पैसे निकले थे। यूपी में आईएएस भी भ्रष्टाचार करके गायब हैं।



# सरकार एमएसएमई को दे रही बढ़ावा : आलोक कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रमुख सचिव, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन आलोक कुमार ने कहा कि हम अपने राज्य के एमएसएमई को अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि वे अपने व्यवसायों को बढ़ा सकें और वैश्विक निवेश के लिए आकर्षक मॉडल बना सकें। आज, इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, हमने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि राज्य के एमएसएमई को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म के माध्यम से पूंजी बाजार तक पहुंच बनाने और आईपीओ के जरिये फंड जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

- **यूपी सरकार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने राज्य के लगभग 96 लाख एमएसएमई को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एमओयू पर किए हस्ताक्षर**
- **एमएसएमई नीति 2022 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्धता के लिए 5 लाख रुपये की सहायता भी उपलब्ध**

यूपी सरकार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने एमएसएमई के लिए फंड जुटाने की सुविधा के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। उत्तर प्रदेश लगभग 96 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का घर है और सरकार इनकी वित्तीय और तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रम के तहत एमएसएमई विभाग 500 एमएसएमई चौंपियंस तैयार कर रहा है। यह एमओयू उत्तर प्रदेश के एमएसएमई को इक्विटी बाजारों तक पहुंच बनाने का अवसर देगा जिससे वे विकास कर सकें। यह एमएसएमई के लिए पूंजी सृजन और बाजार संपर्क का एक महत्वपूर्ण कदम है।

यूपी सरकार और भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने राज्य के एमएसएमई को एनएसई इमर्ज के माध्यम से आईपीओ के जरिये फंड जुटाने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएसई इमर्ज, एनएसई का एमएसएमई प्लेटफॉर्म है। एमएसएमई नीति 2022 स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्धता के लिए 5 लाख रुपये की सहायता प्रदान करती है। इच्छुक एमएसएमई इस सहायता के साथ.साथ नीति के अन्य लाभों का भी लाभ उठा सकते हैं। यह एमओयू राज कमल, आईएएस, प्रबंध निदेशक, यूपीएसआईसी और निधि महेश्वरी, सीनियर मैनेजर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के बीच बुधवार को लखनऊ में हस्ताक्षरित हुआ। इस अवसर पर आलोक कुमार, आईएएस, प्रमुख सचिव, एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग और प्रांजल यादव, सचिव, एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग भी उपस्थित रहे।



इस समझौते के तहत, एनएसई उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से पूरे राज्य में सेमिनार, एमएसएमई कैंप, जानकारी सत्र, रोड शो, कार्यशालाएं आयोजित करेगा और कंपनियों को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध कराने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान करेगा। एनएसई इमर्ज एक वैकल्पिक निवेश मंच प्रदान करता है, जिससे एमएसएमई को सार्वजनिक पूंजी तक पहुंच के साथ-साथ बेहतर दृश्यता और विश्वसनीयता भी प्राप्त होती है। श्रीराम कृष्णन, चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर, एनएसई ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सरकार और एनएसई ने राज्य के एमएसएमई को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म के माध्यम से समर्थन देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएसई इमर्ज एमएसएमई को प्रभावी रूप से पूंजी जुटाने और सूचीबद्धता के माध्यम से दृश्यता बढ़ाने की सुविधा देता है। हम राज्य के एमएसएमई के लिए जागरूकता सत्र आयोजित करेंगे और फंड जुटाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। हम राज्य के एमएसएमई से इस नई वित्तीय सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह करते हैं। अब तक, विभिन्न क्षेत्रों की 612 कंपनियां एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध हो चुकी हैं और उन्होंने मिलकर 17ए003 करोड़ से अधिक की पूंजी जुटाई है। इन कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 1,76,565 करोड़ है।

# प्रवर्तन निदेशालय पर भड़के कांग्रेसी, प्रदर्शन

## पुलिस के साथ कांग्रेसियों की हुई तीखी नोंकझोक, कार्यकर्ताओं को ले गये ईको गार्डन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बाद लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गयी। कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यालय से ईडी ऑफिस का घेराव करने जा रहे

- **नेशनल हेराल्ड मामला**

थे, तभी उन्हें पार्टी कार्यालय पर ही पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक दिया। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए, पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की करने लगे। पुलिस ने 50-60 कार्यकर्ताओं की घसीटते हुए बस में बैठाया और ईको गार्डन ले गयी।

कांग्रेसियों ने मांग की है कि ईडी अपने आरोप वापस ले। केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही कर रही है और




केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं का दमन कर रही है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं और सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। लखनऊ जिला कांग्रेस अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम और अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय से हजरतगंज स्थित प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय का घेराव करने निकले थे। पुलिस ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को वक्फ बोर्ड के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। इसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे।

इस दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष लखनऊ डॉ. शहजाद आलम ने बताया कि यह प्रदर्शन मोदी सरकार के दमनकारी नीति के खिलाफ है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा हमारे नेता राहुल गांधी के बढ़ते कद से परेशान है। जब से राहुल गांधी ने गुजरात में चुनाव की तैयारी शुरू की है नरेंद्र मोदी घबरा गए हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस को दबाने के लिए ईडी का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार पर कोई भी आरोप सिद्ध नहीं हो रहा है। इसके बाद भी केंद्र सरकार लगातार उन्हें दबाने और धमकाने की नीयत से ईडी को आगे करके कार्रवाई कर रही है।

# बंगाल में पार हो रही अराजकता की पराकाष्ठा : भाजपा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ दिये गये विवादित बयान पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पलटवार किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने

- **सीएम योगी पर ममता बनर्जी ने दिया विवादित बयान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया पलटवार**
- **बोले भूपेन्द्र सिंह चौधरी, बंगाल में दंगाइयों की सरदार बन चुकी हैं ममता बनर्जी**

ममता बनर्जी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ दिये गये बयान की निंदा करते हुए कहा है कि बंगाल में निर्ममता की सरकार चल रही है। मुर्शिदाबाद जल रहा है और ममता बनर्जी अपनी कमियां छिपाने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश बंगाल में ममता की निर्ममता देख रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ममता बनर्जी द्वारा योगी आदित्यनाथ पर दिया गया बयान



निकृष्टता की हद पार करने वाला है। दंगाइयों को शांतिदूत बताने वाली ममता अराजकता फैलाने वालों पर लगाम लगाने की जगह उन्हें सरकारी प्रश्रय दे रही हैं। यही वजह है कि पश्चिम बंगाल का हिन्दू भयभीत है, क्योंकि राज्य सरकार ने उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बना रखा है। चौधरी ने कहा कि जिन्होंने हिन्दू आस्था के सबसे बड़े प्रतीक महाकुम्भ को मौत का कुम्भ कहकर करोड़ों सनातनियों का उपहास उड़ाया हो, उससे राजनीतिक शुचिता की उम्मीद नहीं की जा सकती। महान स्वतंत्रता सेनानियों, साहित्यकारों और कला के उपासकों की भूमि बंगाल को दशकों से अराजकता की भट्ठी में झोंककर सर्वनाश की हद तक पहुंचा दिया गया है। चाहे पंचायत स्तर का चुनाव हो या लोकसभा का, बंगाल में हिंसा की चपेट में आ जाता है। ये ममता सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है, कि उनसे अपना प्रदेश संभल नहीं रहा और वो नये भारत के नये यूपी के मुख्यमंत्री पर उलूल जुलूल आरोप लगा रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर सेक्टर में बुलंदियों को छू रहा है। यहां की सुदृढ़ कानून व्यवस्था की चर्चा देश ही नहीं दुनियाभर में हो रही है।

# अनिल दुबे ने सक्रिय सदस्यता अभियान किया शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे द्वारा पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारम्भ उन्नाव के चौधरी चरण सिंह अतिथि गृह किया गया। सदस्यता अभियान समारोह से पहले अनिल दुबे ने भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राकेश सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री राजेश सिंह, ग्राम प्रधान सतीश त्रिपाठी को सदस्यता ग्रहण करायी। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा 14 अप्रैल से 15 अक्टूबर तक सघन सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक पार्टी संगठन का चुनाव सम्पन्न होगा। अतिथि गृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अम्बेडकर जयंती से सदस्यता अभियान शुरू करने की घोषणा की है उसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। रालोद बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, चौधरी चरण सिंह, चौधरी अजित सिंह, सरदार पटेल के विचारों पर चलने वाला दल है क्योंकि सभी ने सामाजिक समरसता व हर वर्ग के शोषित वंचित तबकों के लिए आजीवन संघर्ष किया। दुबे ने कहा कि रालोद किसी भी कीमत पर सामाजिक ताने बाने को बिगड़ने नहीं देगा। किसानों तथा समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ रालोद खड़ा है। उनके हितों और हकों की लड़ाई के लिए संघर्ष करता रहेगा। आज पत्रकारों से बातचीत मे कहा कि दुकानों पर नाम लिखे जाने एवं सड़क पर नमाज न अदा किये जाने के जिला प्रशासन के फैसले का विरोध सबसे पहले रालोद ने किया। उन्होंने कहा कि जो काम कांग्रेस पिछले 40 वर्षों में नहीं कर पायी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर वह काम कर देश के किसानों को सम्मान दिया।



रालोद प्रोफेशनल मंच के अध्यक्ष अंबुजा पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के लिए योजना बनाकर कार्य कर रही है और युवाओं के लिए मा जयंत चौधरी पूरे देश में रोजगार दिलाने में लगे है उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

अनिल दुबे ने आदित्य लोधी, जगजीवन भंवर सिंह, सत्यपाल सिंह, पीके अवस्थी, जेपी शर्मा एडवोकेट, अखिलेश, अशोक, उपेन्द्र नाथ पाण्डे, मनीष तिवारी, राम गोपाल यादव, संतोष कुशवाहा, चंद्र कुमार पाल, नंदलाल लोधी सहित सैकड़ों लोगों को सदस्यता ग्रहण करायी। कार्यक्रम में सुमित सिंह, मुकेश वर्मा, लियाकत अली, अब्दुल मन्नान, अरुण खरे आदि पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग ने किये 138 एमओयू : नितिन अग्रवाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग के साथ 39582.39 करोड़ रुपए के 138 एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं, जिसमें से 7538.73 करोड़ रुपये की 45 परियोजनाएं ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है।

- **7538.73 करोड़ रुपए की 45 परियोजनाएं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार**
- **63 हजार करोड़ रुपए के राजस्व लक्ष्य अर्जित करने के लिए प्रर्वतन कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाये**

यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने में आबकारी विभाग की अहम भूमिका होगी। आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन



अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार विधान भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में एक बैठक हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सशक्त भारत व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का निर्माण हो रहा है। जल्द ही प्रदेश एक ट्रिलियन डालर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष अन्य इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों से समन्वय बनाकर उनके प्रोजेक्ट को भी इसमें शामिल कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक निवेश होगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। आबकारी मंत्री ने कहा कि प्रमुख अल्कोहल कम्पनियों के साथ वार्ता कर राज्य में उत्पादन इकाइयां स्थापित कराई जाएं। प्रदेश में निवेश और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आबकारी नीति में महत्वपूर्ण प्राविधान किये गये है। आबकारी मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए आबकारी विभाग को लगभग 63 हजार करोड़ रुपए के राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य है। इसको प्राप्त करने के लिए अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरूद्ध प्रर्वतन कार्यवाही को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सीमावत प्रदेशों से होने वाली संभावित तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के लिए पड़ोसी राज्यों के संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित कर सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए समन्वय स्थापित किया जाए, इससे तस्करी के मामलों में सटीक और प्रभावी कार्यवाही हो सकेगी। इसके अतिरिक्त नदियों के कछार क्षेत्रों, घने जंगलों एवं दूरस्थ स्थानों में दविश कार्यवाही में ड्रोन की मदद ली जाए। बैठक में प्रमुख सचिव, आबकारी वीना कुमारी, आयुक्त डा. आदर्श सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्लोबल वार्मिंग के कारण नई कृषि नीति जरूरी


संजय श्रीवास्तव



देश का 87 फीसदी हिस्सा भीषण गर्मी और लू से प्रभावित है। तन,मन को झुलसाता तापमान हमारे खेत, खलिहान को भी झुलसा रहा है। बढ़ता तापमान, उससे प्रसूत जलवायु परिवर्तन तथा उसकी पर्यावरणीय विद्रूपताएं वैश्विक हैं और इसके चलते हमारे समेत सबकी खेती किसानी चौपट होने का अंदेशा है। 2050 तक दुनिया की आबादी 10 अरब होगी तो अनाजों की मांग बेतरह बढ़ेगी और उनकी खेती भी। लेकिन तापमान की बढ़ोत्तरी से फसलों के प्रभावित होने के चलते इतनी आबादी का पेट भरना कठिन होगा। इसे लेकर हमको अपने बारे में बाकी दुनिया के मुकाबले कुछ ज्यादा ही चिंतित होने की जरूरत है। सच यही है कि सत्वर बढ़ती अर्थव्यवस्था के बावजूद अभी भी हम औद्योगिक नहीं कृषि प्रधान देश हैं। हमारे 60 फीसदी से अधिक लोगों की आजीविका कृषि पर आधारित है। बहुतायत लोग पशुपालन, फलों और फूलों की खेती इत्यादि पर निर्भर हैं और इन सबको तापमान की बढ़ोत्तरी से खतरा है। आंकलन कहता है कि 2039 तक जलवायु परिवर्तन के खतरों के चलते देश में कृषि उत्पादन लगभग 17 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। जब ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स भारत को जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित दस शीर्ष देशों में रखता है तो यह तथ्य और चिंतनीय हो जाता है।

> बढ़ती गरमी और उसके चलते जलवायु परिवर्तन के प्रकोप जिस कदर खेती किसानी पर हो रहे हैं, कृषि योग्य जमीन बर्बाद हो रही है, फसलों का पैटर्न बदल रहा है, उत्पादन घट रहा है, उससे इस बात को बल मिलता है कि देश को अब एक ऐसी नई समग्र कृषि नीति की महती आवश्यकता है, जो इस आसन्न खतरे के निदान पर केंद्रित हो।

देश में रबी की फसल का रकबा पिछली साल की तुलना में तकरीबन चार लाख हेक्टेयर बढ गया है, अनुमान के अनुसार उम्मीद की जा रही है कि तिलहन छोड़ दलहन और गेहूं इत्यादि का उत्पादन पहले से ज्यादा होगा। पर यह बढ़त रकबे की बढ़त के अनुरूप नहीं है। जाहिर है, किसान जितना श्रम और लागत लगायेगा, उसे उसका प्रतिफल उतना नहीं मिलेगा। आगे यह संकट और गहरायेगा। अगर 27 लाख की सब्सिडी पाने वाले अमेरिकी किसानों का गेहूं देश में आया तो मात्र 45 हजार तक अनुदान पाने वाले भारतीय किसानों का गेंहू मूल्य के मामले में नहीं टिक पायेगा, हालांकि ये बाजार की बात है, लेकिन इसमें भी किसान और किसानी शामिल ही है। खैर, घटते उत्पादन के बीच पेट भरने के लिए हमको दूसरों से ज्यादा खाद्यान्न चाहिये; क्योंकि डेढ अरब पहुंचती हमारी आबादी दूसरों के मुकाबले कहीं बहुत ज्यादा है। विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की तरफ बढ़ने और उसके तीव्र विकास के अलावा आर्थिक उन्नति के बहुतेरे दावों के बावजूद जमीनी सच यही है कि देश की अधिकांश आबादी जिसमें सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अमीर राज्य के निवासी भी शामिल हैं, सरकार द्वारा बांटे गये सस्ते या मुफ्त खाद्यान्न पर निर्भर हैं। अपना दाना न रहा तो हम यह कैसे बांट पाएंगे। इसका असर राजनीति पर भी प्रतिकूल पड़ेगा। बेशक खाद्यान्न वितरण के मामले में हम आत्मनिर्भर हैं पर जलवायु विज्ञानी कहते हैं कि तापमान 1 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाए तो गेहूं का उत्पादन 17 प्रतिशत तक कम और धान की बारी आने पर 2 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने का मतलब है उसके उत्पादन में तकरीबन एक टन प्रति हेक्टेयर की कमी होना। मतलब बढ़ती गरमी आजीविका और खाद्य सुरक्षा दोनों को खतरे में डालने वाली है, साथ ही मुफ्त खाद्यानों के लाभार्थियों वाली राजनीति को भी।

**चिंतन**

मौसम में बदलाव, गर्मी के दिन ज्यादा और सर्दी के दिन कम कर रहा है, जिससे पूरा फसल चक्र गड़बड़ा जा रहा है। किसान पुराने ढर्रे पर चलकर बुआई, कटाई कर नुकसान उठा रहे हैं और नए को अपना नहीं पा रहे। अनिश्चितता और असमंजस की इस नई स्थिति में उनका पुराना अनुभव काम नहीं आ रहा और कभी उन्हें मात्रा के तौरपर बेहतर उपज नहीं मिल रही तो कभी दाने पुष्ट नहीं, कमजोर, गुणवत्ता हीन पैदावार। भले सरकार अपनी खरीद के मूल्य बढ़ा दे पर ऐसी आफत में किसान की आमदनी दोगुना तो होने से रही। तीव्र तापमान से प्रदूषण, भू-क्षरण, जमीन की नमी कम होने और सूखा पड़ने के कारण फसलों की ही नहीं जमीन की गुणवत्ता भी गिरती है। भीषण तापमान, तिस पर बेहद कम वर्षा तथा जल स्त्रोतों, जलाशयों, का तेजी से सिकुड़ना। ऐसे में जहां दो तिहाई कृषि क्षेत्र खेती के लिये वर्षा जल पर निर्भर हों, फसलों की परम्परागत सिंचाई में भारी बाधा पैदा होगी। गर्मी खेतों में कीट-पतंगों की प्रजनन क्षमता बढ़ाकर उनका प्रकोप लाएगा तो अधिक कीटनाशी के इस्तेमाल से मुसीबतें पैदा होंगी। यह कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता को तापमान प्रभावित करेगा। गेंहू, सरसों, जौ और आलू, मक्का, ज्वार और धान ही नहीं चाय, सेब जैसे कई फलों का उत्पादन भी घटेगा। दूसरे तमाम देशों ने अपनी परिस्थिति और प्राथमिकता के अनुरूप उपाय आरंभ कर दिये हैं, अपना देश भी 2008 से ही इस मामले में कई सरकारी योजनाएं क्रियान्वित कर रहा है। तब 'अनुकूलन' पर आधारित राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन शुरू किया गया था। निस्संदेह मौजूदा सरकार भी इस ओर ध्यान दे रही है, क्योंकि उसकी प्राथमिकता में किसान सदैव ऊपर रहे हैं लेकिन फिलहाल अभी भी इस ओर किए जाने वाले सभी प्रयास फुटकर योजनाओं तक सीमित हैं जबकि कृषि प्रधान देश होने के नाते हमें तत्काल नए कुछ उपाय करने होंगे। इन उपायों के लिये एक सुविचारित नीति की आवश्यकता है बल्कि एक नई समग्र कृषि नीति की, जो जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी, उसके दुष्प्रभावों और आसन्न खतरों एवं उसके निदानों को केंद्र में रखकर बनी हो। सरकार को वाटर शेड प्रबंधन के माध्यम से वर्षा जल का प्रबंधन और माइक्रो इरीगेशन का कार्यक्रम जिसमें जल के साथ जमीन का भी संरक्षण शामिल हो, कैसे जोर पकड़े इसे अपनी देखरेख में पंचायत स्तर पर चलवाना चाहिये। जैविक और मिश्रित खेती को बढ़ावा देने से कीटनाशी का इस्तेमाल कम होगा तो मृदा की उत्पादकता क्षरण रोकने तथा रासायनिक खादों का इस्तेमाल घटाने में मदद मिलेगी। हमें फसलों के पैटर्न तथा बुवाई के समय में भी क्षेत्रवार बदलाव लाना होगा। बीजों की ऐसी किस्मों का विकास करना होगा जो अधिक तापमान, सूखे तथा बाढ़ जैसी संकटमय परिस्थितियों के लिये सहनशील हों। पारम्परिक ज्ञान तथा नई तकनीकों के समन्वयन और समावेशन द्वारा इंटरक्रोपिंग करने के गुर सहित किसानों को जलवायु अनुकूलन तकनीकों को अपनाने के लिए के लिये भी जागरूक करना होगा। किसानों को बताना होगा कि जलवायु परिवर्तन क्या है और इसके खतरे और मायने उनके लिये क्या हैं? उन्हें क्लामेट स्मार्ट एग्रीकल्चर की ओर क्यों बढ़ना चाहिये। अधिक उत्पादन पाने, टिकाऊ खेती अपनाने, कम पानी वाली फसलों का व्यवहार वगैरह सिखाने के साथ क्षेत्रानुसार पोषक प्रबंधन करना होगा। सरकार बहुत कुछ कर रही है पर जमीन से जुड़े इस मामले से निबटने के लिये उसे जमीन पर उतरना होगा। एजेंसियों को किसानों को साथ लेना होगा।

जिनका वास्ता सीधे कृषि से नहीं है अथवा जिनकी आजीविका का स्त्रोत कृषि या उससे संबद्ध क्षेत्र नहीं है वे यह सोच सकते हैं कि वे किसान नहीं हैं न अनाज के आढ़ती, व्यापारी सो वे इस खतरे से दूर हैं पर महंगाई और किल्लत तथा गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों एवं बेस्वाद फलों के जरिये वे भी इससे परोक्षतः प्रभावित होंगे। बढता तापमान जलवायु परिवर्तन का जनक है, जो मानव जीवन को हर तरह से कष्टकारी बनने वाली पर्यावरणीय स्थितियों का निर्माण कर रहा है। इसलिये यह सरकार के साथ साथ सारी जनता की साझी चिंता होनी चाहिये क्योंकि अब जलवायु परिवर्तनशीलता मात्र आंकड़ों की बातें या सैद्धांतिक बहसों का विषय न रहकर सामने दिखने वाली वास्तविकता बन चुकी है।

## ईएमआई में राहत

मध्य वर्ग लंबे समय से ब्याज दरों में कटौती का इंतजार कर रहा रहा था। यह इंतजार लंबा चला लेकिन अब एक बार फिर ब्याज दरों में कटौती का दौर शुरू हो गया है। बीते दिनों रिवर्ज बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने चालू वित्तीय वर्ष की पहली द्वि-मासिक समीक्षा के बाद रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती कर दी। इसके बाद ज्यादातर बैंकों ने रेपो लिंक लेंडिंग रेट में कटौती कर इसे ग्राहकों को पास किया। देश के सबसे बड़े पीएसयू बैंक एसबीआई ने ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की, तो पीएनबी, बीओआई और इंडियन बैंक के साथ प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी ने भी चौथाई फीसद की कटौती कर आवास और ऑटो लोन की ईएमआई भर रहे ग्राहकों को राहत दी। ब्याज दरों में यह कटौती निश्चित रूप से देश में रियल एस्टेट, ऑटो सेक्टर के साथ ही उद्योग जगत को भी बड़ी राहत देगा। ब्याज दर कम होने से मांग बढ़ती है, निवेश बढ़ता है और विकास का माहौल बनता है। ऐसे समय जब वैश्विक स्तर पर टैरिफ वार और व्यापारिक उठा-पटक के बीच अनिश्चितता का माहौल है, तब विकासपरक मौद्रिक नीति समय की मांग है और आरबीआई ने इस दिशा में कदम बढ़ाकर सामयिक पहल की है। वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारतीय रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अनिश्चितता में और इजाफा नहीं करके बेहतर काम किया है। वित्तीय बाजारों की उम्मीद के मुताबिक ही बीते सप्ताह एमपीसी ने एकमत होकर यह निर्णय लिया कि नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करके उसे 6 फीसदी किया जाएगा। उसने नीतिगत रुख को भी तटस्थ से बदलकर उदार और समायोजन वाला कर दिया। इसका अर्थ यह है कि अगर कोई आर्थिक झटका नहीं लगा तो नीतिगत ब्याज दरों में और इजाफा नहीं किया जाएगा। एमपीसी अपनी आगामी बैठक में केवल नीतिगत दर में कटौती करने या यथास्थिति बरकरार रखने पर विचार करेगा। अमेरिका द्वारा टैरिफ में भारी इजाफा किए जाने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता तेजी से बढ़ी है लेकिन इस सप्ताह एमपीसी द्वारा लिया गया निर्णय काफी स्पष्ट और देश की अर्थव्यवस्था को सहारा देने वाला है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर में भी कमी आई है। मोटे तौर पर ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। उम्मीद है कि यह रिजर्व बैंक के मध्यम अवधि के 4 फीसदी के लक्ष्य के आसपास ही रहेगी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति संबंधी अनुमान को 4.2 फीसदी से कम करके 4 फीसदी कर दिया है। वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में मुद्रास्फीति की दर लक्ष्य से कम बनी रहने की उम्मीद है। व्यापारिक तनावों के कारण धीमी वैश्विक वृद्धि की आशंका को देखते हुए और अमेरिका द्वारा चीन के आयात के लिए अपने रास्ते लगभग बंद कर लेने के कारण शेष विश्व में कीमतों पर दबाव बढ़ेगा। वैश्विक विकास दर में नरमी के कारण ऊर्जा की मांग घटेगी और इससे कच्चे के तेल के दामों में भी नरमी बने रहने की उम्मीद है। कच्चे तेल के दाम नीचे रहने से देश में मुद्रास्फीति भी नियंत्रित रहेगी और आर्थिक प्रगति में भी मदद मिलेगी। हालांकि रिजर्व बैंक ने चालू वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान में 20 आधार अंकों की कमी करके उसे 6.5 फीसदी कर दिया है। अनिश्चितता को देखते हुए यह मानना उचित ही है कि आर्थिक प्रगति की दर प्रभावित होगी। बहरहाल, ये सामान्य समय नहीं है। वैश्विक अर्थव्यवस्था विश्व युद्ध के बाद के अब तक के सबसे बड़े झटके से गुजर रही है और यह कहना मुश्किल है कि हालात कब तक स्थिर होंगे और वैश्विक अर्थव्यवस्था का रुख कैसा रहेगा। फिलहाल अगर इसी तरह के टकराव जारी रहे तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और भारत भी इससे प्रभावित होगा। इसलिए आरबीआई को ब्याज दरों में कटौती और वित्तीय तंत्र में तरलता बढ़ाकर विकास और निवेश को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि भारत में असर कम से कम पड़े।




> रेपो रेट में कटौती के बाद बैंकों ने इसे ग्राहकों तक पास करना शुरू कर दिया है, इससे मध्य वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी।

**विचार**

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।
–गुरुनानक.

अस्पृश्यता का कोई शास्त्रीय आधार नहीं। परमेश्वर का दरवाजा किसी के लिए बंद नहीं और यदि वह बंद हो जाये तो परमेश्वर, परमेश्वर नहीं।
–बाल गंगाधर तिलक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।
– ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।
–स्वामी रामतीर्थ.

**सोशल मीडिया**


भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की जिसमें भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र के सामने प्रमुख अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की। जेपी नड्डा.


मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे बिहार के पूर्व सीएम श्रद्धेय बीपी मंडल की पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि, सामाजिक न्याय में उनका योगदान हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। केशव प्र. मौर्य.


देश में जो लड़ाई चल रही है ये राजनीतिक लड़ाई तो है, लेकिन विचारधरा की भी लड़ाई है। पूरा देश इस बात को जानता है कि सिर्फ कांग्रेस ही बीजेपी-आएसएस को हरा सकती है। राहुल गांधी.

## प्रकृति के साथ चलो

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम क्यों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

**– वीओएल.**

**अंतर्दृष्टि**

## कवि को सजग रहना चाहिए

**व्यंग्यलोक**

साहित्यिक गोष्ठी में जाने का अवसर मिला। गोष्ठी अपने पीक पर थी। मैंने साहित्यकार की कुहनी मारकर कहा आंखें खोलो प्रभू! निर्लज्जता की भी हद होती है। काव्य-मीमांसा के तत्वों की व्याख्या की जा रही है। मेरी बात पर ध्यान न देते हुए साहित्यकार बोला- यार दो-तीन दिन से ठीक तरह से सो नहीं पा रहा-घर में बच्चे सोने नहीं देते। लेकिन साहित्यिक गोष्ठी का तो ख्याल करो। मैंने कहा। ख्याल करके ही तो खर्राटे नहीं ले रहा वर्ना नींद जोरों की आ रही है। फिर आए क्यों थे। सोने के लिए। साहित्यकार फिर निद्रालीन होकर साहित्य से बेखबर हो गया। मैंने फिर कहा- यार सुनो आलोचक जी काव्य मीमांसा में रोचकता की दलील दे रहे हैं। क्या साहित्यिक गोष्ठी में निद्रा लेना खुद गंभीर रोचकता नहीं है। ऐसा करो मित्र साहित्य में क्या कुछ होना है, उसे ध्यान से सुनो तथा जागने पर मुझे बता देना। मेरी खोपड़ी मत चाटो-अपना काम करो। मैं चुप रहा-बगल में देखा तो दीपंकरजी ने भी आंखें ढेर रखी थीं। मैंने दीपंकरजी को हिलाया और चौकस किया। दीपंकरजी उबल पड़े- सोते हो न सोने देते हो साहित्य साहित्य की रट लगा रखी है। भैया चुपचाप सुनो। तुम्हारे हाजमे के लिए यह जरूरी है-मेरे स्वास्थ्य के लिए सोना जरूरी है। मैं ठंड पी गया और सोचने लगा कि साहित्यिक गोष्ठी में क्यों कर आया? आलोचक को देखा तो उसका व्याख्यान जारी था। वह इस बात से बिल्कुल बे-खबर था कि अस्सी प्रतिशत संभागी निद्रा में डूब गए हैं और वे उसकी कोई बात नहीं सुन रहे। मैंने आलोचक से ही कहा-देखिए, भाषण ऐसा दीजिए-ताकि लोग जिन्दे और होश में बने रह सकें। हालात देखिए-तमाम लोग बेहोश हैं। वह मेरी कब सुनने वाला था-उसका व्याख्यान जारी था-कविता की भाषा और उसका मुहावरा अब बदल देना है। उन प्रतीकों से नये कवि को हटना होगा जो कविता को बोदा बनाते हैं। इस अर्थ में काव्यगत वैशिष्ट के लिए स्वयं कवि को सजग रहना चाहिए। हिन्दी कविता में यह समय अत्यन्त हौच-पौच का है-अब कवि और आदमी में फर्क नहीं रह गया है। मेरी राय में कवि को आदमी से अलग होना चाहिए। जहां तक काव्य मीमांसा की शैली और उसके वैविध्य का प्रश्न है-साहित्यकार की उन परिवेशगत सच्चाइयों को समालोचक को देखना चाहिए, जो कविता में उपस्थित नहीं होती। मैं बोर हो गया था-अतः बोला-यदि कविता में सच्चाई है ही नहीं तो वह खोजी कहां से जाए। देखिए आप तनिक साहित्य का ख्याल करके उसे सुपाच्य बनाये रखिए। ऐसा नहीं हो कि इस गरिष्ठता के कारण उपस्थित तमाम साहित्यकार अपना हाजमा ही खराब कर बैठें।


पूरन सरमा

## लीला चिटनिस की सुंदरता ही पराभव का कारण बनी


**बॉलीवुड**

लीला चिटनिस भारत की पहली शिक्षित अभिनेत्री के तौर पर विख्यात हुईं। वह शुहरत की बुलंदी पर पहुंची और लग्जरी सोप ब्रांड लक्स का पहला भारतीय चेहरा बनकर बॉलीवुड स्टारडम की अगली पीढ़ियों के लिए मिसाल स्थापित की। धारवाड़, जो उस समय बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा था, में जन्मीं लीला ने अपना कॅरियर थिएटर एक्टर के रूप में आरंभ किया। वह बॉम्बे स्थित अवंत-ग्रेड थिएटर कंपनी नाट्द्धमानवांतर के लिए काम करती थीं। उन्होंने अपना भी एक थिएटर ग्रुप नाट्द्धसाधना स्थापित किया, लेकिन जल्द ही बॉलीवुड की फिल्मों में काम करने लगीं। लीला ने फिल्म उद्योग में प्रवेश 1935 में किया था, लेकिन उनकी पहचान 1937 की फिल्म 'जेंटलमैन डाकू' से बनी, जिसमें उन्हें मूंछों के साथ पुरुषों के कपड़ों में पेश किया गया था। इस फिल्म का विज्ञापन इस तरह से किया गया था- 'जिसमें हैं लीला चिटनिस, बीए। स्क्रीन पर पहली सोसाइटी लेडी ग्रेजुएट, महाराष्ट्र से।' लीला ने अंग्रेजी में डिस्टिंक्शन के साथ बीए किया था, लेकिन उनका दिल तो अभिनय में था। कुछ समय अध्यापिका रहने के बाद उन्होंने अपने परिवार का खर्च उठाने के लिए एक्टिंग की ओर रुख किया। अपना अभिनय कॅरियर आरंभ करने के समय वह सिंगल मदर थीं, क्योंकि वह अपने पति डा. गजानन यशवंत चिटनिस से अलग हो गईं थीं, जिनसे उन्होंने अपनी किशोरावस्था में विवाह किया था। वह फिल्मोद्योग में न केवल गिनी चुनी तलाकशुदा अभिनेत्रियों में से एक थीं बल्कि लीड रोल करने वाली गिनती की मांओं में से भी एक थीं। लीला की प्रमुख फिल्में 1930 के दशक में आयीं, जब वह बॉम्बे टॉकीज सहित प्रमुख प्रोडक्शन हाउस में काम करती थीं। वह उन सामाजिक फिल्मों में अपने सशक्त अभिनय के लिए अधिक विख्यात थीं, जिनमें भारतीय समाज के मुद्दों को संबोधित किया जाता और संदेश दिया जाता था। हालांकि वह अक्सर 'अच्छी लड़की' की भूमिका में होती थीं, लेकिन उन्होंने बदनाम लड़की के भी रोल किये, मसलन, 'द बेटर हाफ' (1940) में उन्हें स्क्रीन पर सिगरेट पीते हुए दिखाया गया, जोकि स्क्रीन पर दिखाना सामान्य बात तो हो गई थी, लेकिन लीला से यह उम्मीद नहीं थी क्योंकि उन्होंने अपनी एक अलग छवि, रुतबा व मकाम बनाया हुआ था। 'जेलर' (1938), 'बंधन' (1940), 'आजाद' (1940) आदि सफल फिल्मों के कारण आलोचक उनकी प्रशंसा करते थे और दर्शक उनके दीवाने थे। अशोक कुमार के साथ उनकी जोड़ी 'स्टार पेअर' थी और अपने कॅरियर के चरम पर लीला को 'द स्टार ऑफ द ईयर' घोषित किया गया। लेकिन सुंदरता की प्रतीक लीला के लिए सुंदरता ही उनके पतन का कारण बनी। वह अपनी परम्परागत खूबसूरती के लिए विख्यात थीं और कहा जाता था कि बढ़ती उम्र के साथ वह अधिक सुंदर होती जा रही हैं। 1941 में वह लक्स सोप के लिए एम्बेसडर बनीं और इस भूमिका में वह पहली भारतीय अभिनेत्री थीं। इससे उनकी छवि 'स्टारडम के डिसप्ले' की बनी कि आदर्श सुंदरता का यह मानक है। नतीजतन उनकी अभिनय क्षमता (जिसकी बदौलत उन्होंने खुद को स्थापित किया था) की बजाय उनकी लुक्स पर अधिक फोकस किया जाने लगा। आलोचक उनकी लिपस्टिक, स्किन टोन, नाक-नक्श आदि पर अधिक फोकस करते और उनकी परफॉर्मेंस पर कमेंट करने की बजाय अक्सर उनके मेकअप के कम या ज्यादा होने पर कलम चलाते। लीला के साथी पुरुष एक्टर्स की तो परफॉर्मेंस पर लिखा जाता, लेकिन उनके मेकअप पर ही फिल्म की समीक्षा खत्म कर दी जाती। 'बंधन' उनकी हिट फिल्म थी, लेकिन इसकी समीक्षा के कई पैराग्राफ में आलोचकों ने उनके मेकअप की खामियां निकालीं, जबकि अशोक कुमार के परफॉर्मेंस का जिक्र किया गया। लीला सुंदरता की मिसाल अवश्य थीं, लेकिन बढ़ती उम्र उनमें एंग्जायटी उत्पन्न करने लगी थी। लीला ने हार नहीं मानी, वह काम करती रहीं। वह निर्माता भी बनीं और अपने बैनर 'लीला चिटनिस प्रोडक्शंस' के तहत निर्देशन भी किया। लेकिन तब तक फिल्मोद्योग ने उन्हें 'समर्पित बीमार मां' की भूमिकाओं में कैद कर दिया था, जबकि वह मात्र 39 वर्ष की थीं। अपनी इस नई भूमिका यानी रोती, उदास, बीमार मां में भी उन्होंने अपने अभिनय से प्रभावित किया। विशेषकर शहीद (1948), आवारा (1951), गंगा जमुना (1961) और गाइड (1965) में। उनकी अंतिम फिल्म 1987 में दिल तुझको दिया थी। इसके बाद वह अमेरिका चली गईं और 2003 में 94 वर्ष की आयु में वहीं उनका निधन हो गया।

**– कैलाश सिंह.**

## आपकी बात

### युवाओं को बनायें हुनरमंद

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### गरीबों का उत्थान

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबों को आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## चेकिंग के दौरान 12 वाहन निरुद्ध, 14 का चालान

**बांदा।** डीएम के निर्देश पर एआरटीओ एवं खनन अधिकारी ने संयुक्त चेकिंग अभियान में कुशेर्जा से तिंदवारी के बीच 12 वाहनों को तिंदवारी थाना में निरुद्ध किया। उन्होने 14 से अधिक वाहनों को टैक्स, फिटनेस, बढ़ी हुई बाडी, यच यस आर पी प्लेट में चालान भी किया। एआरटीओ शंकरजी सिंह एवं खनन अधिकारी राज रंजन ने बताया कि जिलाधिकारी जे0 रीभा के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान निरंतर चलता रहेगा। उन्होने सभी वाहन चालकों से अपील की, कि बिना फिटनेस, बीमा, टैक्स, एचआरपीएस प्लेट, मानक विहीन वाहनों का संचालन कतई न करें अन्यथा पकड़े जाने पर कठोर कार्यवाही के साथ-साथ वाहन सीज किया जा सकता है। उन्होने यह भी कहा कि अवैध खनन, ओवरलोड वाहनों का संचालन न करें और उचित प्रपत्रों, मानक के साथ ही वाहनों को चलाएं।

## तालाब से युवक का शव बरामद

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के उमरी गांव में युवक का शव तालाब में औंधे मुह मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उमरी गांव निवासी संतोष 35 पुत्र विजइया बबेरू कस्बे के प्रभाकर नगर में रहता था और वह नशे का आदी था। दुकानों की सफाई कर परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार की रात उसका शव सीएचसी के पास तालाब में औंधे मुह पड़ा मिला। लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। आस-पास के लोगों ने उसे पहचान लिया। मौत की जानकारी उसके घर वालों को दी गयी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गये। मृतक के भतीजे नीरज ने बताया कि संतोष सफाई का काम करता था। नशे की हालत में तालाब में डूब जाने से उसकी मौत हो गयी। मृतक के एक पुत्र व तीन पुत्रियां हैं।

## राजधानी एक्सप्रेस से महिला का बैग लेकर भागा चोर

**ललितपुर।** महानगर झांसी के थाना नवाबाद अंतर्गत मोहल्ला मंडिया निवासी हिना खान पत्नी इमरान खान ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 25 मार्च को वह नई दिल्ली से झांसी के लिए ट्रेन नं. 22168 सिंगरौली यू राजधानी एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थी। रात करीब 1.50 से 2 बजे के मध्य आगरा कैन्ट रेलवे स्टेशन से एक किमी पहले अज्ञात चोर ने उसका बैग, जिसमें 36 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन एकदम से छीन लिया और चलती ट्रेन से कूद कर भाग गया। मामले की सूचना उसने जीआरपी थाना झांसी में सुबह 5.30 बजे दी। जीआरपी पुलिस ने हिना खान की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ग्वालियर से चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया बदमाश

**ललितपुर।** चौकी नेहरू नगर पुलिस ने एक शातिर बदमाश को मध्य प्रदेश के जिला ग्वालियर से चोरी की गयी मोटर साइकिल के साथ हिरासत में लिया है। जानकारी देते हुये चैकी इंचार्ज अंकित कौशिक ने बताया कि वह अपने हमराही करण प्रताप सिंह, आरक्षी योगेन्द्र कुमार व आरक्षी हरीओम के साथ सिद्धंन मंदिर के पास गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक लड़का काले रंग की स्पेलेण्डर बाइक लिये हुये है। पुलिस ने अम्बेड़कर तिराहा के पास बाल सम्प्रेक्षण गृह से पहले पहुंच कर घेराबंदी कर बाइक से आ रहे उक्त लड़के को हिरासत में ले लिया।

पकड़े गये युवक ने अपना नाम ग्राम ककरूआ निवासी अखिलेश अहिरवार उर्फ अक्कू पुत्र गेंदालाल अहिरवार बताया। पुलिस ने बाइक की जांच ई-चालान ऐप से की तो पाया कि उक्त बाइक ग्वालियर के लश्कर अंतर्गत पानी की टंकी के पास संजय नगर निवासी केशवती पत्नी हीरालाल के नाम पर पंजीकृत है। पूछताछ करने पर अखिलेश ने बताया कि वह इस बाइक को ग्वालियर से चोरी करके लाया था। पुलिस ने पकड़े गये बदमाश अखिलेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सांसद का रिश्तेदार बन महिलाओं से ठगी



**ललितपुर।** झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद को अपना रिश्तेदार बताते हुये सिलाई मशीनें दिलाने और नौकरी लगवाने के नाम पर महिलाओं से लाखों रुपये लेकर हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है, जबकि इस प्रकरण में सांसद कार्यालय से स्पष्टीकरण भी सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम रजवारा निवासी दीप्ति राजे पत्नी यशवंत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह स्वयं सहायता समूह की सचिव है। इस समूह में मानसिंह कुशवाहा, सुहानी राय, सीमा कुशवाहा, पूजा कुशवाहा आदि सदस्य कार्य करते हैं। बताया कि विगत 6-7

- सिलाई मशीन और नौकरी दिलाने का दिखाया सपना
- महिलाओं ने कलेक्ट्रेट एवं एसपी कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन
- कोतवाली में पवन शर्मा के खिलाफ दर्ज करायी गयी एफआईआर

माह पहले नाराहट कस्बा निवासी पवन शर्मा पुत्र अशोक शर्मा उनके गांव पहुंचा और स्वयं को बड़ा पावरफुल बताते हुये कहा कि वह उसे व अन्य महिलाओं को सिलाई मशीन दिलायेगा, जिसके एवज में एक हजार रुपये प्रति महिला की मांग की। इसके अलावा एक विज्ञप्ति दिखाते हुये कहा कि अमरपुर मण्डी के पास मेडीकल कॉलेज में कुछ कर्मचारियों की भर्ती निकली है, इसमें भी वह भर्ती कराते हुये ज्वाईनिंग लैटर दिलवा देगा। इसके बदले में रुपयों की मांग की गयी और नौकरी न लगने पर रुपये वापस करने की बात कही। बताया कि पवन शर्मा ने गुडासे व समूह की अन्य महिलाओं से मशीन दिलाने के नाम पर 12 हजार रुपये व नौकरी लगवाने के नाम पर 3 लाख 25 हजार कुल 3 लाख 37 हजार रुपये ले लिये। किन्तु अभी तक न तो महिलाओं को सिलाई मशीन दिलायी गयी और न ही किसी महिला की नौकरी लगी और न ही कोई लैटर मिला। 26 मार्च को उक्त पवन शर्मा से जब रुपये वापस मांगे तो उसने रुपये हड़पने की बात कहते हुये शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पवन शर्मा पुत्र अशोक शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### शिकायती पत्र में सांसद का नाम, एफआईआर में गायब

पवन शर्मा के खिलाफ शिकायत लेकर रजवारा गांव की महिलायें लामबंद होकर सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां उन्होंने डीएम को ज्ञापन भेजा। डीएम को भेजे गये ज्ञापन में महिलाओं ने पवन शर्मा द्वारा स्वयं को झांसी- ललितपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद को अपना रिश्तेदार बताते हुये महिलाओं को सिलाई मशीन व नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया। वहीं मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को देने पर एफआईआर तो दर्ज की गयी, लेकिन एफआईआर से सांसद का पद व नाम दोनों हटाये गये हैं।

### संसदीय कार्यालय से सोशल मीडिया पर जारी हुआ स्पष्टीकरण

प्रकरण की सूचना आनन-फानन में झांसी निवासरत सांसद तक जा पहुंची। इसके बाद संसदीय कार्यालय से सोशल मीडिया पर एक सूचना जारी करते हुये इस प्रकरण में स्पष्टीकरण दिया गया है। इस स्पष्टीकरण पत्र में लिखा गया है कि कई पत्रकारों एवं अन्य व्यक्तियों के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कोई व्यक्ति स्वयं को सांसद का रिश्तेदार बताकर विभिन्न अवैध कार्यों के लिए लोगों से पैसों की वसूली कर रहा है। स्पष्ट किया जाता है कि सांसद एवं उनके परिवार का उक्त व्यक्ति से न तो कोई संबंध है, न पहले कभी रहा है, और न ही सांसद ऐसे किसी व्यक्ति को कोई संरक्षण प्रदान करते हैं। इस प्रकार के असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित एवं कठोर कार्रवाई करने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूर्णतः स्वतंत्र हैं।

# रिश्वत लेते चकबंदी पेशकार गिरफ्तार

**ललितपुर।** जमीन का दाखिल खारिज कराने के एवज में चकबंदी कार्यालय सहायक चकबंदी अधिकारी के पेशगार को एण्टी करप्शन टीम ने 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये डीएम कार्यालय परिसर से रंगे हाथों दबोच लिया। एण्टी करप्शन की झांसी से आयी टीम पकड़े गये पेशगार को लेकर कोतवाली पहुंची, जहां उससे पूछताछ करते हुये उसे विधिक रूप से हिरासत में ले लिया गया। कोतवाली

- किसान की शिकायत पर एण्टी करप्शन झांसी की टीम ने की कार्यवाही
- जमीन का दाखिल खारिज कराने के नाम पर मांगे गये थे 15 हजार रुपये

अंतर्गत ग्राम कल्यानपुरा में रहने वाले किसान अनेक सिंह पुत्र भागीरथ ने बताया कि बीती 8 नवम्बर 2024 को उसने अपने नाम से गाटा संख्या 128 कृषि भूमि क्षेत्रफल 0.405 झरकौन निवासी किशोरा उर्फ किशोर पुत्र चुखरा से क्रय की थी।

जमीन खरीदने के बाद उसे दाखिल खारिज कराना था, जिसके एवज में चकबंदी कार्यालय में तैनात बाबू अशोक कुमार सिंह जो कि सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय में पेशगार पद पर कार्यरत है के अधिकार क्षेत्र में रजवारा व अतिम कार्य थे। आरोप है कि पेशगार अशोक



कुमार सिंह ने अनेक सिंह के वैधानिक कार्य को करने में गुमराह करते हुये जमीन के दाखिल खारिज करने के एवज में 15 हजार रुपये की मांग की गयी।

रिश्वत का रुपये न देते हुये वैध कार्य कराने की नीयत से 16 अप्रैल को एण्टी करप्शन की झांसी टीम को शिकायतकर्ता ने सूचित किया। सूचना के आधार पर एण्टी करप्शन की टीम ने अपना जाल बिछा दिया। अनेक सिंह पेशगार को रुपये देने के लिए कार्यालय पहुंचा, जहां से पेशगार जनपद मेरठ के थाना मेडीकल अंतर्गत प्रवेश बिहार शास्त्रीनगर निवासी अशोक कुमार सिंह पुत्र जीतमल सिंह को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से अपराह्न 12.14 बजे हिरासत में ले लिया गया। पेशगार अशोक कुमार सिंह को हिरासत में लेने वाली एण्टी करप्शन झांसी की टीम में नेतृत्व निरीक्षक चतुर सिंह, अनिल कुमार, मो.आरिफ, इरशाद खां, राहुल कुशवाहा, ओमकार सिंह, जितेन्द्र सिंह, शिवम गुप्ता, शिवम कुमार द्विवेदी, शंकर लाल व अजय सिंह शामिल रहे।

## शादी में शामिल होने आये शातिर बदमाश को पुलिस ने दबोचा

ललितपुर। डेढ़ माह पहले जुआ खेलने व शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करने के मामले में सदर चैकी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हांसिल हुयी है। प्रकरण में वांछित चल रहे अभियुक्त को चैकी पुलिस ने अवैध देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ मसौरा बैरियर से धर दबोचा है। पकड़े गये बदमाश के खिलाफ दर्ज मामले में अब शस्त्र अधिनियम की धाराओं की बढ़ोत्तरी की गयी है। सदर चैकी प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि वह अपने हमराह कां.अमित राजपूत व कां.सूरज सिंह के साथ रात करीब 11.18 बजे प्राईवेट वाहन से गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि बीती 27 फरवरी को नदीपुरा निवासी ताहिर अली पुत्र बाबू शाह से शराब पीने और जुआ खेलने के लिए 10 हजार रुपये की मांग करते हुये मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में वांछित चल रहा बड़ी नहर के पास चैकाबाग निवासी करन कुशवाहा पुत्र स्व.ताराचंद्र कुशवाहा मसौरा बैरियर से 50 मीटर आगे जैन मंदिर को जाने वाले कच्चे रास्ते से भागने की फिराक में है।

# प्राथमिक विद्यालय में डीएम ने ग्राम चौपाल लगाकर की विकास कार्यों की समीक्षा

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में खंड विकास कोतवाली के ग्राम जहानाबाद में ग्राम चैपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से उनके द्वारा प्रस्तुत की गई शिकायतों का निराकरण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि ग्रामीणों की समस्याओं को उनके द्वारा पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा ग्रामों में प्रवास करने वाले ग्रामीण बंधुओं को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का पात्रता के आधार पर लाभ उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी जसजीत कौर बीते दिन अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक कोतवाली की ग्राम पंचायत जहानाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रेमनगर में ग्राम चैपाल का आयोजन कर विकास कार्यों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम वासियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का पूर्ण गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें और कोई भी पात्र व्यक्ति शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए। उन्होंने



चैपाल के दौरान संबंधित अधिकारीयों को प्राथमिकता एवं गुणवत्ता अनुरूप समस्याओं के समाधान हेतु कैम्प करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर चैपाल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ग्राम चैपाल में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को सम्मानित भी किया गया। जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम जहानाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रेमनगर में आंगनबाड़ी के अंतर्गत पुष्टाहार वितरित कर बच्चों को अन्नप्राशन कराया। उन्होंने वहां स्थित स्कूलों में कम्प्यूटर लैब व सटोंनोमी लैब सहित स्कूल में खाना, दूध फल वितरण की गुणवत्ता की जानकारी ली जिस पर वहां स्थित महिलाओं एवं जनसामान्य द्वारा मिलना बताया गया। उन्होंने चैपाल में संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि पानी की व्यवस्था सुनिश्चित रहे उन्होंने निर्देश दिए कि विशेष कर बार्डर वाले गांवों में उपलब्ध पानी की उपलब्धता का स्टेटस देना तथा संबंधित अधिकारी सभी घरों में पानी के कनेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने आवास योजना सहित सभी योजनाओं की समीक्षा सुनवाई कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिए। उन्होंने ग्राम चैपाल में लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना चाबी एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत चिन्हित लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर लाभान्वित किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, उपजिलाधिकारी नगीना, डीसी एनआरएलएम सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## पुलिस मुठभेड़ में इनामी गौ तस्कर शेरा गिरफ्तार

सीतापुर । जिले के मानपुर थाना क्षेत्र मंगलवार की बुबह पुलिस और गोकशी और अवैध शास्त्र रखने वाले शातिर अभियुक्त के बीच मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया है. घायल बदमाश को पुलिस ने उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया. गोकशी करने वाले बदमाश का नाम नवी अहमद उर्फ शेरा पुत्र मोहम्मद हुसेन है. जो तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अगरासी का रहने वाला है. पकड़ा गया घायल बदमाश शेरा 25000 का इनामी है. आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, बाइक , एक मोबाइल और दो सो रूपय नगद बरामद किए गए हैं. आरोपी के खिलाफ दर्जनभर गौकशी के मुकदमे दर्ज हैं.

पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ के संबंध में पुलिस अधिक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्रा ने बताया कि घायल बदमाश तालगां व कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर एचेस है और गोवध के मुकदमे में वांछित चल रहा था. उसके ऊपर 25,000 रुपए का इनाम भी घोषित था. बदमाश के ऊपर अलग-अलग थानों से दर्जनभर मुकदमे दर्ज हैं.

## आंगनवाड़ी केंद्र, उच्च प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण



**बांदा।** आज कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय महुई एवं आंगनबाड़ी केंद्र का जिलाधिकारी ने बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए कि बच्चों का टीकाकरण विशेष ध्यान रखते हुए किया जाए एवं गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरण किए जाने के साथ पोषाहार वितरण की सूची अपडेट रखी जाए। उन्होंने आंगनवाड़ी भवन का मरम्मत कार्य कराए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश बीडीओ तिंदवारी को दिए। इसके पश्चात उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय महुई कंपोजिट का निरीक्षण किया तथा शिक्षा की गुणवत्ता एवं अध्यापकों को छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं पाठ पुस्तकों के वितरण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित कराएं। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।

## अपराध समीक्षा बैठक, जनसुनवाई के कड़े निर्देश



**बांदा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक ने बीती देर रात पुलिस लाइन सभागार में राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। उन्होने निरंतर पैदल गस्त करने तथा प्रभावी जनसुनवाई के दिए निर्देश दिए। अपराधों की रोकथाम, शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के बारे में पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआईजी राजेश एस व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मादक पदार्थों की तस्करी करने, अवैध शस्त्रों का निर्माण व संग्रहण करने वाले, टॉप-टेन, इनामिया व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी अपने कार्यालयों एवं थानों पर प्रभावी जनसुनवाई सुनिश्चित करें तथा आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण करें। निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा पर संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्यवाही करते हुए एंटी रोमियो स्क्वायड तथा मिशन शक्ति मोबाइल टीम को लगातार स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और मुख्य बाजारों में चेकिंग के लिए सक्रिय किया जाए।

## विभिन्न मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ उप शिक्षा निदेशक कार्यालय पर करेगा प्रदर्शन

**चांदपुर, बिजनौर।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की एक दिवसीय राज्य परिषद की बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर एक मई को उप शिक्षा निदेशक कार्यालय पर होने वाले धरने प्रदर्शन को सफल बनाये जाने का आह्वान किया गया। कानपुर में आयोजित बैठक से वापस लौट कर आये उ0प्र माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विनेश त्यागी ने बताया कि राज्य परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है कि एक मई को शिक्षकों की विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में प्रदेश के शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में प्रदेश के उप शिक्षा निदेशकों के कार्यालयों पर अधिकारियों का घेराव एवं प्रदर्शन करेंगे। त्यागी ने बताया कि सरकार शिक्षकों को लम्बे समय से चली आ



रही न्यायोचित मांगों की उपेक्षा करती आ रही है। सरकार ने शिक्षक नियमावली में शिक्षकों की सुरक्षा प्रदान करने वाली धारा 12, 18 और 21 को समाप्त कर दिया है। शिक्षको को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। सेवानिवृत्त शिक्षकों को जीपीएफ ओर अन्य देयकों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। एनपीएस राशि का उनके खातों में हस्तांतरण विभाग की लापरवाही के कारण नहीं हो पा रहा है, जिस कारण शिक्षक हताश व निराश हैं। विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। उन्होंने शिक्षकों से एकजुट होकर एक मई को होने वाले धरने प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया।

## झूठा मुकदमा लिखाने पर महिला को एक हजार जुर्माना और 3 माह कैद की सजा

**बिजनौर।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्रीमती कल्पना पाण्डेय ने न्यायालय में झूठा गावाही देने के मामले में तीन माह और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजन मालेन्द्र सिंह राठौर के अनुसार थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम सादात नगर उर्फ डुंडा निवासी एक महिला ने न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी नाबालिग लड़की जिसकी उम्र 16 वर्ष से ग्राम के ही निवासी प्रदीप कुमार करीब एक वर्ष से छेड़छाड़ करता है और उस पर फब्तियां कसता है। कई बार उसके घर वालों से शिकायत की लेकिन उसमें कोई बदलाव नहीं आया। घटना के अनुसार 8 सितम्बर 2020 की शाम 6 बजे उसकी पुत्री पशुओं का गोबर कूड़ी पर डालकर आ रही थी तो प्रदीप कुमार ने उसकी पुत्री को देखकर अश्लील हरकतें की और बुरी नीयत से



उसे पकड़ लिया। न्यायालय के आदेश पर थाना नहटौर पुलिस ने प्रदीप कुमार, रोहित व जयकुमार के विरुद्ध मुकदमा कायम किया था। पीड़िता की मां ने न्यायालय में अपने बयान बदल दिये और तीनों अभियुक्तों को बेकसूर बता दिया। न्यायालय ने पाया कि पीड़िता की मां ने जानबूझकर झूठा फंसाने के लिए यह मुकदमा लिखवाया था। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश कल्पना पाण्डेय ने पीड़िता की मां को न्यायालय में झूठी गवाही देने का अपराध सिद्ध होने पर तीन माह का कारावास व एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## ईडी का दुरुपयोग कर रही केन्द्र सरकार: कांग्रेस

ललितपुर। केन्द्र सरकार द्वारा ईडी का दुरुपयोग कर जबरन सम्पत्तियों को सीज करने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने घण्टाघर पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जनपद के कांग्रेसियों ने केन्द्र की बड़ी आलोचना करते हुये कहा कि नेशनल हेराल्ड सम्पत्ति को अवैधानिक रूप से सीज करना लोकतंत्र की हत्या करने के बराबर है। आज एजेन्सियां केन्द्र सरकार के दबाव में विपक्ष को निशाना बना रही है। कहा कि इस अघोषित तानाशाही के विरूद्ध कांग्रेसियों द्वारा बहुत बड़ा आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, रामनरेश दुबे, रफीक, असलम, रीतेश सिंघइ उपस्थित रहे।

## अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का करें निस्तारण: अर्चना पटेल

**बांदा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, बालश्रम, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह से सम्बन्धित समस्याओं को गहनता से सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इससे पूर्व उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र महोखर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पोषाहार वितरण तथा आंगनबाडी केन्द्र में बच्चों के सम्बन्ध में आंगनबाडी कार्यकत्री से पोषण टैज्कर एप के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को फल, पौष्टिक आहार किट का वितरण करते हुए गोदभराई की रस्म पूरी की तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए फलों का वितरण किया। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कम्प्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास, मेस तथा हास्टल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बालिकाओं से वार्ता करते हुए विद्यालय में दी जा रही शिक्षा, भोजन एवं अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए बालिकाओं को बेहतर शिक्षा एवं सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर प्रसन्नता जताई। इससे पूर्व सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई में उन्होंने महिलाओं के घरेरू हिंसा, दहेज उत्पीडन एवं अन्य समस्याओं से सम्बन्धित महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए निराकरण किये जाने के निर्देश पुलिस एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने महिला जनसुनवाई में जमवारा थाना नरैनी निवासी एक महिला द्वारा ससुराल पक्ष में मारपीट एवं परेशान किये जाने की शिकायत पर पुलिस को शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने तिन्दवारी कस्बे में शराब की दुकान पर भीड़ अधिक होने एवं अराजक तत्वों पर रोक लगाये जाने से सम्बन्धित शिकायत के निस्तारण के बारे में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। महिला जनसुनवाई में पीडी डीआडीए, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर एन प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह एवं समाज कल्याण, जिला सूचना अधिकारी राम जी दुबे एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पुराने मुकदमें में राजीनामा करने को लेकर मारपीट, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** रिपोटिंग पुलिस चैकी राजघाट अंतर्गत ग्राम रानीपुरा में विगत दिवस दो पक्षों में पुराने मामले में राजीनामा करने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से एक-दूसरे पर हमला कर दिया गया। प्रकरण में पुलिस ने एक पक्ष की ओर से प्राप्त तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। रानीपुरा निवासी तुलसीराम पुत्र चिप्पा अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गांव के भजन व गनपत पुत्रगण कल्ला, धर्मेंद्र पुत्र खुशीराम व संजू पुत्र भजन रात करीब 10 बजे शराब पीकर आये और उसके परिजनों को गालियां देने लगे।

विरोध करने पर उसके पिता चिप्पे अहिरवार पर पुराने मामले में राजीनामा करने के लिए दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों व कुल्हाड़ी से मारपीट कर दी, जिससे उसके पिता को चोटें आयीं। बताया कि उसके पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यह भी बताया कि मारपीट के दौरान उसे व उसके भाई प्रकाश, उसकी पत्नी प्रीति को भी गंभीर चोटें आयीं हैं। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके घर, ट्रैक्टर व मोटर साइकिलों की तोडफोड़ कर दी। मौके से घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर किसी प्रकार लोगों को बचाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 324 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## युवक ने शादी से तीन दिन पहले फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी



**बिजनौर।** शादी से तीन दिन पहले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की 19 अप्रैल को बारात जानी थी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और गांव मे गमगीन माहौल है। जानकारी के अनुसार थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव सिपाहियोवाला निवासी देवेंद्र सिंह के पुत्र अंकित (26 वर्ष) की 19 अप्रैल 2025 को बारात जानी थी। परिजनों के अनुसार अंकित घर से स्योहारा जाने को कहकर निकला था उसके बाद वह घर नही लौटा। परिजनों द्वारा उसको सभी जगह तालाश किया गया लेकिन उसका कही सुराग नही लग सका। बुधवार की सुबह अंकित का शव बलवीर के खेत मे शिशम के पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया और वह मौके पर पहुंच गए। वही दबी आवाज में लोगो का कहना है कि मृतक के परिजनों ने उसकी इच्छा के विरुद्ध शादी कही और तय करदी थी जिसकी तीन दिन बाद बारात जानी थी। पुलिस ने शव को पेड़ से निचे उतारकर अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर कार्रवाही शुरू कर दी है।

संक्षेप

## सैमसंग का बिग लीग बिगर स्क्रीन कैंपेन शुरू

नई दिल्ली। सैमसंग ने बिग लीग, बिगर स्क्रीन कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन में बड़ी स्क्रीन वाले प्रीमियम एआई टीवी, जैसे नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के, ओएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी टीवी पर शानदार ऑफर्स दिए गए हैं। यह कैंपेन क्रिकेट देखने के अनुभव को बेहतर बनाएगा और स्टेडियम जैसा रोमांच देगा। 1 से 30 अप्रैल 2025 तक चलने वाले इस कैंपेन में उपभोक्ता सैमसंग के अल्ट्रा-प्रीमियम टीवी पर एक्सक्लूसिव ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनके मैच देखने का मजा और शानदार हो जाएगा। सैमसंग के प्रीमियम बिग-स्क्रीन टीवी हर मैच को और रोमांचक बनाते हैं।

## गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा पर ऑफर्स की घोषणा

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा पर आकर्षक सीमित अवधि के ऑफर्स की घोषणा की। टाइटेनियम सिल्वरब्लू रंग में गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा खरीदने वाले उपभोक्ताओं को 12,000 रुपये का इंस्टैंट कैशबैक मिलेगा। इसके अलावा, उपभोक्ता केवल 3,278 रुपये से शुरू होने वाली नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। इसमें वन यूआई7 के साथ एआईएजेंट्स हैं, जो अलग-अलग ऐप्स में जटिल काम आसानी से करते हैं और स्पीच, टेक्स्ट, वीडियो व तस्वीरों के जरिए यूजर से बातचीत करते हैं। नाउ ब्रीफ दिनभर के लिए स्मार्ट सुझाव देता है, और नाउ बार चल रहे कामों का एक नया हब है। राइटिंग असिस्ट से काम तेजी से होता है, तो ड्रॉइंग असिस्ट से रचनात्मकता बढ़ती है। गैलेक्सी एआईरोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाता है।

## गर्मियों में राज करने आ गया शिन चैन

मुंबई। वह चुलबुला है, आकर्षक है, और वह पूरी तरह से अजेय है झ और इस सीजन में, वह ऐसा कर रहा है जैसे केवल वह ही कर सकता है। पहले कभी न देखे गए एपिसोड और अपनी पसंदीदा फिल्मों के साथ हंसी की एक नॉन-स्टॉप खुराक के लिए तैयार हो जाइए, सिर्फ सोनी YAY पर। लेकिन इतना ही नहीं शिन चैन सिर्फ आपकी स्क्रीन पर ही नहीं है, वह हर जगह दिखाई देता है जहाँ आप जा रहे हैं। मॉल से लेकर शहर के कार्यक्रमों तक, वह हंसी-मजाक, नासमझी और ढेरों फोटो खिंचवाने के मौकों के साथ वास्तविक दुनिया में कदम रख रहा है।

## केकेआर के हर मोमेंट को जी रही हैं इशिता गांगुली

मुंबई। आईपीएल का खुमार पूरे देश पर छाया हुआ है और सिर्फ फैन्स ही नहीं, हमारे फेवरेट सेलिब्रिटीज भी इस जोश में पूरी तरह डूबे हुए हैं। शेमारू उमंग पर प्रसारित बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' में चमकीली का किरदार निभा रहीं इशिता गांगुली भी उन्हीं में से एक हैं, जिनके लिए क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक जज्बा है। इशिता गांगुली कहती हैं, क्रिकेट हमेशा से मेरे लिए खुशी मनाने और एन्जॉय करने का जरिया रहा है और आईपीएल के दौरान तो यह मेरा जुनून बन जाता है। मैं एक प्राउड बंगाली हूँ और केकेआर मेरी ऑल-टाइम फेवरेट टीम है। जब आप अपनी होम टीम को सपोर्ट करते हैं।

## फ्लिपकार्ट समर्थ ने कारीगरों व उद्यमियों को सम्मानित किया

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने पिछले 6 वर्षों में 18 लाख से अधिक आजीविकाओं को सशक्त किया है और 100 से अधिक पारंपरिक कला स्वरूपों को संरक्षित करने में भूमिका निभाई है। समर्थ प्रोग्राम कौशल, डिजिटल प्रशिक्षण और राष्ट्रीय स्तर पर 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों तक पहुंच प्रदान कर रहा है। फ्लिपकार्ट समर्थ ने कारीगरों व उद्यमियों को सम्मानित किया। इससे सुनिश्चित हुआ है कि भारतीय कला रूपों की विरासत फलती-फूलती रहे। समर्थ प्रोग्राम ने अभी इस पहल का हिस्सा बने 2,000 से अधिक एक्टिव सेलर्स के साथ जबर्दस्त तेजी देखी है।

## आश्रयम का अनावरण

लखनऊ। लखनऊ वासियों के लिए एक नई जीवनशैली की शुरूआत करते हुए महत्वाकांक्षी परियोजना 'आश्रयम' का अनावरण किया गया है। आश्रयम को इस सोच के साथ डिजाइन किया गया है कि यहाँ हर दिन एक अवकाश जैसा महसूस हो। अंतरराष्ट्रीय यात्रा स्थलों से प्रेरित वास्तुकला, हरियाली से भरे परिदृश्य और आधुनिक जीवन की सभी सुविधाओं के साथ अग्रशील इंफ्राटेक यह शहरी पहचान को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है।

# सेंसेक्स में 309 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 309.40 अंक चढ़कर फिर से 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया। एनएसई निफ्टी में भी 108.65 अंक की बढ़त रही।

विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। खुदरा महंगाई के करीब छह साल के निचले स्तर पर आने से नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा मजबूत हुई। वैश्विक बाजार में कमजोर रुख को खारिज करते हुए बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 309.40 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,044.29 अंक पर बंद हुआ। कमजोर शुरुआत के बाद, सत्र के दौरान सूचकांक में उतार-चढ़ाव होता रहा। इस दौरान इसने 77,110.23 के उच्च और 76,543.77 अंक के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 108.65 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,437.20 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि सकारात्मक वृहद आंकड़ों और सामान्य मानसून के पूर्वानुमान से निवेशकों की धारणा को बढ़ावा मिला। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक 7.12 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने 6,065.78 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। इससे पहले, एफआईआई कई दिनों से बिकवाली कर रहे थे। ...वैश्विक स्तर पर, कमजोर रुख के बीच भारतीय बाजार ने सकारात्मक रुख दिखाया है। इसका कारण यह उम्मीद है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध बढ़ने से भारत को नुकसान के बजाय लाभ होगा। इसके अलावा, मार्च महीने में खुदरा महंगाई के करीब छह साल के निचले स्तर पर आने से नीतिगत दर में आगे और कटौती की उम्मीद बंधी है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.91 प्रतिशत, तो मिडकैप 0.62 प्रतिशत चढ़ा। बीएसई पर 2,636 शेयरों में तेजी रही, 1309 में गिरावट रही और 133 शेयरों के मूल्य में कोई बदलाव नहीं हुआ। प्रतिभागियों ने अनुकूल संकेतों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उल्लेखनीय रूप से, बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में निरंतर मजबूती के साथ-साथ अन्य क्षेत्रवार दिग्गज कंपनियों में खरीद ने गति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे।

# रुपया 12 पैसे चढ़कर 85.68 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में लगातार तीसरे सत्र में तेजी रही और बुधवार को यह 12 पैसे की मजबूती के साथ 85.68 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा निवेश और डॉलर के कमजोर रहने के बीच बुधवार को रुपये में तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका के शुल्क लगाने को 90 दिन के लिए टाले जाने के बीच सकारात्मक घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों ने शेयरों में लिवाली को बढ़ाया, जिससे रुपया मजबूत हुआ।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भी रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 85.66 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले यह 85.50 के उच्च स्तर और 85.72 के निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में 85.68 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो इसके पिछले बंद स्तर से 12 पैसे की तेजी है। मंगलवार के सत्र में रुपया डॉलर के मुकाबले 30 पैसे की बढ़त के साथ 85.80 पर बंद हुआ था। शुक्रवार को पिछले सत्र में इसमें 58 पैसे की तेज बढ़ोतरी हुई थी। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूत दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.39 पर रहा। यह स्तर मार्च, 2022 को देखने को मिला था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.88 प्रतिशत बढ़कर अप्रैल 2021 के स्तर 65.24 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 309.40 अंक बढ़कर 77,044.29 अंक पर बंद हुआ।

## वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं भारत और ब्राजील

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि भारत और ब्राजील के संयुक्त प्रयास वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ब्राजील के साओ पाउलो में स्थानीय कृषि कारोबारी समुदाय के 27 सदस्यों के साथ बैठक के दौरान चौहान ने ब्राजील की कृषि, विशेष रूप से कपास और सोयाबीन की कटाई में मशीनरी के व्यापक उपयोग की प्रशंसा की और इन क्षेत्रों में सहयोग की उम्मीद जताई। मंत्री ने दोनों देशों के बीच कृषि व्यापार को बढ़ावा देने, उन्नत उत्पादन तकनीकों का आदान-प्रदान करने, उन्नत खाद्य प्रसंस्करण विधियों को अपनाने पर चर्चा की।

## होम क्रेडिट इंडिया के सीईओ बने विवेक सिंह

बंगलुरू। होम क्रेडिट के बोर्ड ने विवेक सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया। उनको वित्तीय सेवा क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव रखते हैं, जिसमें व्यवसायों के निर्माण और विस्तार, डिजिटल परिवर्तन को आगे ले जाने और बड़े स्तर के परिचालनों के प्रबंधन पर विशेष ध्यान रहा है। वह टीवीएस होल्डिंग्स के तत्वावधान में होम क्रेडिट इंडिया को विकास के अगले चरण में ले जाने के लिए तैयार हैं।

# आरबीआई ने शुरू किया सर्वेक्षण

### 2025-26 की पहली तिमाही के लिए आईओएस का 110वां दौर भी शुरू



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को सेवा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की चुनिंदा कंपनियों के बीच 2025-26 की पहली तिमाही के लिए कारोबारी स्थिति और आगामी तिमाही के लिए उनकी अपेक्षाओं का आकलन करने के लिए एक सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा की।

45वें दौर के इस सर्वेक्षण में मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार की स्थिति और मूल्य स्थिति से संबंधित संकेतकों के बारे में जानकारी ली जाएगी। तिमाही सेवा और बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वेक्षण के 44वें दौर में, 879 कंपनियों ने 2024-25 की चौथी तिमाही के लिए अपना आकलन और 2025-26 की पहली तिमाही के लिए अपेक्षाओं के साथ-साथ बाद की दो तिमाहियों के लिए प्रमुख मापदंडों पर दृष्टिकोण प्रदान किया। केंद्रीय बैंक ने 2025-26 की पहली तिमाही के लिए औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण (आईओएस) का 110वां दौर भी शुरू किया। आईओएस के पिछले दौर में 1310 कंपनियों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी थीं।

## गोयल ने की भारत में भविष्य की निवेश योजनाओं पर चर्चा



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उपग्रह इंटरनेट सेवा प्रदाता स्टारलिंक के प्रतिनिधिमंडल से बुधवार को मुलाकात की और भारत में अपनी मौजूदा साझेदारियों तथा भविष्य की निवेश योजनाओं पर चर्चा की। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, स्टारलिंक के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की... जिसमें उपाध्यक्ष चाड गिब्स और वरिष्ठ निदेशक रयान गुडनाइट मौजूद रहे। चर्चा में स्टारलिंक के अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी मंच, उनकी मौजूदा साझेदारियों और भारत में भविष्य की निवेश योजनाओं पर चर्चा हुई। उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने मार्च में भारत में स्टारलिंक उपग्रह इंटरनेट सेवाएं लाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ एक समझौते की घोषणा की थी। दूरसंचार दिग्गज सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल ने भी स्पेसएक्स के साथ इसी तरह की साझेदारी की है।

# अमेरिका वित्त वर्ष 2024-25 में लगातार चौथी बार भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार



नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा जिससे दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसी अवधि में चीन के साथ देश का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो जाएगा। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली।

वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। हालांकि, 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब अमेरिकी डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 118.4 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीन 2013-14 से 2017-18 तक और 2020-21 में भी भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार था। चीन से पहले, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) देश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। 2021-22 से अमेरिका सबसे बड़ा साझेदार रहा था। संयुक्त अरब अमीरात गत वित्त वर्ष में 100.5 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। 2024-25 में आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष में 41.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

## रीयलमी ने की ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स से साझीदारी

नई दिल्ली। रीयलमी ने भारत के विनिर्माण पारितंत्र को मजबूत करने और सरकार की मेक इन इंडिया पहल में सहयोग करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत में अपनी अगली पीढ़ी के एआईओटी उत्पादों का विनिर्माण करने के लिए ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) के साथ साझीदारी की है। घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के अपने दीर्घकालीन विजन के तहत रीयलमी ने ईयरफोन, स्मार्टवाचेज और टैबलेट्स सहित अपने एआईओटी उत्पाद का संपूर्ण पोर्टफोलियो भारत में तैयार करने का लक्ष्य रखा है। इस साल की शुरूआत से रीयलमी बड्स टी200 सीरीज, रीयलमी बड्स वायरेल सीरीज और रीयलमी बड्स एयर सीरीज जैसे उत्पाद स्थानीय उत्पादन लाइनों में तैयार होने लगेंगे।

# सोना 1650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये शिखर पर, चांदी 1900 रुपये उछली



नयी दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी की होड़ के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमतों में 11 अप्रैल को सबसे बड़ी एक दिवसीय तेजी दर्ज की गई थी, जब स्थानीय बाजारों में इसकी कीमत 6,250 रुपये उछल गई थी। इस साल अब तक सोने की कीमतों में एक जनवरी के 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 18,710 रुपये या 23.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1650 रुपये बढ़कर 97,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, चांदी की कीमतें 1900 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को चांदी 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने में एक बार फिर जोरदार तेजी आई...एमसीएक्स सोना 95,000 रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया, जबकि कॉमेक्स सोना 3,300 डॉलर को पार कर लिया, जो मजबूत सुरक्षित-निवेश की मांग को दर्शाता है। त्रिवेदी ने कहा कि यह तेजी, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और अमेरिका और चीन के बीच शुल्क वार्ता में किसी भी रचनात्मक प्रगति की गैरमौजूदगी के कारण थी। जब तक तनाव कम होने का संकेत देने वाला कोई ठोस नतीजा नहीं आता, तब तक सोने के ऊंचे स्तर पर बने रहने की संभावना है।

पेज एक का शेष

## 35 दवाओं के

ने जनवरी 2013 में उनके कार्यालय द्वारा जारी पत्र का हवाला दिया है, जिसमें डीसीजीआई से उचित अनुमोदन के बिना देश में नयी दवा की परिभाषा के अंतर्गत आने वाली एफडीसी दवाओं की बिक्री के लिए विनिर्माण लाइसेंस प्रदान करने के संबंध में चिंता व्यक्त की गई थी।

समय-समय पर यही चिंता जताई गई है और संबंधित राज्य लाइसेंसिंग अधिकारियों को कई पत्र जारी किए गए हैं, जिन्होंने गैर-अनुमोदित एफडीसी के विनिर्माण और विपणन की अनुमति दी है। इस तरह का एक और पत्र इस वर्ष फरवरी में जारी किया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट

न्यायाधीश खन्ना ने यह भी कहा कि एक उच्च न्यायालय को इन याचिकाओं पर विचार करने के लिए कहा जा सकता है। उन्होंने कहा दो पहलू हैं जिन पर हम दोनों पक्षों से बात करना चाहते हैं। सबसे पहले, क्या हमें इस पर विचार करना चाहिए या इसे उच्च न्यायालय को सौंप देना चाहिए? दूसरा, संक्षेप में बताएं कि आप वास्तव में क्या आग्रह कर रहे हैं और क्या तर्क देना चाहते हैं? हम यह नहीं कह रहे हैं कि कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करने और निर्णय लेने में उच्चतम न्यायालय पर कोई रोक है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन अधिनियम का हवाला दिया और कहा कि वह उस प्रावधान को चुनौती दे रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि केवल मुसलमान ही वक्फ कर सकते हैं। सिब्बल ने पूछा, सरकार कैसे तय कर सकती है कि मैं मुसलमान हूं या नहीं और इसलिए वक्फ करने का पात्र हूं या नहीं? उन्होंने कहा, सरकार यह कैसे कह सकती है कि केवल वे लोग ही वक्फ कर सकते हैं जो पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहे हैं? कुछ याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि वक्फ अधिनियम का प्रभाव पूरे भारत में होगा और याचिकाओं को उच्च न्यायालय को नहीं भेजा जाना चाहिए। वक्फ अधिनियम का विरोध करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ करना इस्लाम की एक स्थापित प्रथा है और इसे छीना नहीं जा सकता। केंद्र ने हाल ही में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया, जिसे दोनों सदनों में तीखी बहस के बाद संसद से पारित होने के बाद पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई।

## सीएम योगी

बच्चों को इस मुहिम का यंग फेस बनाया जाएगा। उनके लिए पोस्टर प्रतियोगिता में प्रकृति को लेकर विभिन्न विषय होंगे। भाषण प्रतियोगिताओं में बच्चे बताएंगे कि घर में प्लास्टिक का उपयोग कैसे कम किया जाए। क्विज में पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूछा जाएगा। जीतने वाले बच्चों को इको-फ्रेंडली गिफ्ट दिए जाएंगे। पर्यावरण का संदेश लोगों तक पहुंचने के लिए हर बेहतर माध्यम का इस्तेमाल किया जाएगा। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा कि कैसे प्लास्टिक मुक्ति से किसी नदी को पुनर्जीवित किया जा सकता है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी संदेश वायरल किया जाएगा। इसके साथ ही होर्डिंग्स पर तमाम संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जाएगा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पर्यावरण को लेकर पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदूषण के खिलाफ युद्धस्तर की तैयारी की जा रही है। प्रदूषण के कारण बढ़ रहे तापमान को नियंत्रित करने के लिए बड़े पैमाने पर पौधे लगाए जाएंगे।

## अब अमेरिका

पहले दिन ही अमेरिका की अर्थव्यवस्था को फिर से बेहतर बनाने के लिए अपनी अमेरिका फर्स्ट (अमेरिका पहले) व्यापार नीति की शुरुआत की। 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए समाने आ चुके हैं। इसके परिणामस्वरूप जवाबी कार्वाई करने वाले चीन के अलावा अन्य देशों पर अतिरिक्त शुल्क पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। तथ्य पत्र में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा गया, चीन को अपनी जवाबी कार्वाई के परिणामस्वरूप अब अमेरिका को होने वाले आयात पर 245 प्रतिशत तक शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।

चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसने अमेरिका की शुल्क नीति के खिलाफ जाते हुए जवाबी शुल्क लगाया है। चीन ने शुक्रवार को अमेरिका से आयात पर अपने अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था। ट्रंप प्रशासन के चीनी निर्यात पर लगाए गए 145 प्रतिशत शुल्क के जवाब में उसने यह कदम उठाया था। अमेरिका की शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मामला भी दायर किया है। तथ्य पत्र में चीन पर अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एन्टिमनी तथा अन्य प्रमुख उच्च प्रौद्योगिकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया गया है।

## कांग्रेस ने

दम पर ये सरकार नहीं चलेगी जैसे नारे लिखे हुए थे। प्रदर्शन में कई कांग्रेस सांसद, कार्यकर्ता और भारतीय युवा कांग्रेस तथा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जैसे कांग्रेस के संगठनों के सदस्य शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर और बदले की भावना से एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा, हम इस झूठे मामले के खिलाफ़ लड़ेंगे। हम अंग्रेज़ों से नहीं डरे, तो भाजपा-आरएसएस क्या चीज़ हैं। पार्टी के पुराने मुख्यालय पर नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ ही कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से सरकार को निशाने पर लिया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, पिछले दो दिन से प्रतिशोध, उत्पीड़न और धमकी देने की राजनीति जारी है। कांग्रेस नेतृत्व खासतौर पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को जानबूझकर निशाना बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के मुद्दों, विदेश नीति और आर्थिक संकट से ध्यान हटाने के लिए यह सब किया जा रहा है।

## ईडी ने

पर प्रतिक्रिया मांगने के लिए पीटीआई-भाषा द्वारा भेजी गई ईमेल का जवाब खबर लिखे जाने तक नहीं मिला। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, ईजमाईट्रिप की स्थापना 2008 में पिट्टी बंधुओं- निशांत, रिकान्त और प्रशांत ने की थी। ईडी को संदेह है कि ऐप (एप्लिकेशन) के अवैध संचालन से प्राप्त कुछ आय को पिट्टी से जुड़ी संस्थाओं को अवैध रूप से हस्तांतरित किया गया। महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला तब सुर्खियों में आया था, जब संघीय जांच एजेंसी ने कुछ साल पहले दावा किया था कि छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ नेता और नौकरशाह इस ऐप से जुड़े अवैध संचालन और उसके बाद हुए मौद्रिक लेनदेन में कथित रूप से संलिप्त हैं।

इस मामले में पहले भी छापे मारे जा चुके हैं। ईडी ने अतीत में आरोप लगाया था कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग (एमओबी) गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के संबंध में उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। इस ऐप के दो मुख्य प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल इसी राज्य से हैं।

## धामी की

का प्रतीक है, बल्कि आस्था और समर्पण की शक्ति का जीवंत उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि सिलक्यारा टनल अभियान दुनिया का सबसे जटिल और लंबा रेस्क्यू ऑपरेशन था। इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति ने मानवता और टीम वर्क की एक अद्भुत मिसाल कायम की। यह घटना तकनीकी और मानवीय संकल्प की वास्तविक परीक्षा थी, सभी ने एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाया। उन्होंने समस्त रेस्क्यू टीम, रैट माइनर्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सहयोगी संस्थाओं का भी इस अभियान को सफल बनाने में आभार व्यक्त किया।

## देश की आर्थिक

के रास्ते पर है। इसका कारण व्यापार के स्तर पर बढ़ता तनाव और अनिश्चितता है। बढ़ते व्यापार तनाव वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर रहे हैं। हाल में किये गये शुल्क उपाय आपूर्ति व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं और पूर्वानुमान को कमजोर कर रहे हैं।

अंकटाड के अनुसार, व्यापार नीति के मोर्चे पर अनिश्चितता ऐतिहासिक रूप से उच्चस्तर पर है और इसका असर निवेश निर्णयों में देरी और कम नियुक्तियों के रूप में देखने को मिल रहा है। नरमी का असर सभी देशों पर पड़ेगा, लेकिन अंकटाड विकासशील देशों और खास तौर पर सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं के बारे में चिंतित है। रिपोर्ट के अनुसार, कई कम आय वाले देशों को बिगड़ती बाह्य वित्तीय स्थितियों, अस्थिर कर्ज और कमजोर घरेलू वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है। अंकटाड ने मौजूदा व्यापार और आर्थिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने, मजबूत क्षेत्रीय और वैश्विक नीति समन्वय के साथ-साथ संवाद और बातचीत का आग्रह किया है। रिपोर्ट में कहा गया, विश्वास बहाल करने और वृद्धि को पटरी पर रखने के लिए समन्वित कार्वाई की जरूरत है।

## मुख्तार अंसारी

जारी है। गौरतलब है कि अफसा अंसारी ने अब तक मामले में अपना बयान दर्ज नहीं कराया है, जिस वजह से अदालत ने उसकी गिरफ्तारी के लिए स्थायी वारंट जारी किया है।

## अब यूपी के कस्बों में शुरू होंगी सिटी बसें : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिटी बस सेवा में निजी ई-बस संचालकों को भी मिले मौका देने का निर्देश दिया है। उन्होंने किराया, पार्किंग, रूट भी सुनिश्चित करने तथा बड़े शहरों के पास के कस्बों तक मिले निजी सिटी ई-बस सेवा शुरू करने को भी कहा, ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री बुधवार को नगर विकास विभाग में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने भावी कार्य योजनाओं पर भी विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनुकूल स्वच्छ ईंधन वाली बसों को नगरीय परिवहन में प्रोत्साहित करने के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में 15 शहरों में 700 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है। यह सुनिश्चित किया जाए कि 15 वर्ष से अधिक समय तक किसी भी डीजल एवं सीएनजी बसों का उपयोग न हो। इन्हें स्क्रैप कराएं। इनके स्थान पर ई-बसें लाई जानी चाहिए। उन्होंने प्रदेश में कहीं भी अवैध विज्ञापन होर्डिंग नहीं लगने का निर्देश देते हुए कहा कि खतरनाक होर्डिंग के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड को वरीयता दें। अवैध होर्डिंग तत्काल हटवाएं। सभी नगरीय निकायों के लिए स्पष्ट नियमावली होनी चाहिए, जो आय का अच्छा माध्यम भी बनेगा। यह सुनिश्चित कराएं कि विज्ञापन होर्डिंग किसी महापुरुष की प्रतिमा या चित्र को विकृत न करता हो। शहरों में वाहन पार्किंग बड़ी चुनौती है। पार्किंग को मांग, स्थान और समय के अनुरूप व्यवस्थित किए जाने की आवश्यकता है। शुल्क में समरूपता होनी चाहिए। स्थानीय व्यापारियों, दुकानों, कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों आदि का मासिक पास बने। यह सुनिश्चित कराएं कि कहीं भी पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली न हो। उन्होंने जिला मुख्यालय वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर निकाय के रूप में अपडेट करने का निर्देश भी दिया।




संक्षेप

## बीसीसीआई महिला टीम के लिए नये फिजियो और ट्रेनर की तलाश में

नयी दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जल्दी ही एक नया फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाले हैं जो अगले दो साल तक बेंगलुरू के उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर आफ एक्सीलैंस) में नियुक्त होंगे। बीसीसीआई ने दोनों पदों के लिये आवेदन मंगवाये हैं। नितिन पटेल के जाने के बाद खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग को भी नया प्रमुख मिलने वाला है। फिजियो और ट्रेनर उत्कृष्टता केंद्र में काम करेंगे और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में टीम के साथ दौरा करेंगे। फिजियो का पद आकांक्षा सत्यवंशी के जाने के बाद और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच का पद आनंद दाते के जाने से खाली हुआ है। दोनों पदों के लिये पात्रता उन्नत जीवन सहायता (फिजियो के लिये) में, मूलभूत जीवन सहायता (ट्रेनर के लिये) में सर्टिफिकेशन कोर्स और ट्रॉमा मैनेजमेंट में डिग्री शामिल है। सर्टिफिकेशन कोर्स पिछले दो साल में ही पूरा हुआ होना चाहिये। दस साल के अनुभव वाले फिजियो को प्राथमिकता दी जायेगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि खेल विज्ञान और मेडिसिन टीम के लिये ये पद अहम हैं, जो खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बढ़ाने और प्रभावी चोट प्रबंधन और रोकथाम प्रोटोकॉल को लागू करने के लिए उच्च प्रदर्शन सहायता सेवाएं प्रदान करते हैं।

## चेतेश्वर पुजारा की पत्नी ने लिखे अपने संस्मरण

नयी दिल्ली। अपनी तरह के अनूठे संस्मरण में भारत के अनुभवी क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा ने क्रिकेटर की पत्नी के रूप में अपने जीवन के अनुभव कलमबद्ध किये हैं जिनमें मैदान के भीतर और बाहर के उतार चढावों और क्रिकेट के दीवाने देश में अपार अपेक्षाओं के बारे में बेबाक ढंग से लिखा है। हार्परकोलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित यह किताब द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर्स वाइफ : अ वेरी अनयूजुअल मेमोयर को पूजा और नमिता काला ने लिखा है जिसका विमोचन 29 अप्रैल को होगा। पूजा ने एक बयान में कहा कि चेतेश्वर पुजारा जिद्दी लेकिन सहयोग करने वाले इंसान है जो ज्यादा बोलते नहीं लेकिन उनके पास छिपाने के लिये भी कुछ नहीं है। वह आध्यात्मिक हैं लेकिन पाखंडी नहीं और उन्हें मूर्खतापूर्ण लतीफे सुनाना पसंद है। राजकोट की गलियों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तक उनका सफर अनूठा रहा है और मुझे इसे करीब से देखने का मौका मिला है। मेरा विश्वास है कि चेतेश्वर पुजारा की कहानी में सभी के लिये कुछ न कुछ है और यही वजह है कि मैने यह किताब लिखी। जीवन में कभी क्रिकेट नहीं देखने वाली पूजा पाबारी ने 2013 में चेतेश्वर पुजारा से शादी की और उसके बाद से एक क्रिकेटर के दैनंदिनी जीवन का उन्हें अनुभव मिला।

## भारत को अपनी खेल महत्वाकांक्षा को मजबूत डोपिंग रोधी प्रणाली से जोड़ना चाहिए : खेल सचिव

नयी दिल्ली। खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली पेश कर रहा है और ऐसे में देश को अपने खेल महत्वाकांक्षा को एक मजबूत डोपिंग रोधी प्रणाली के साथ जोड़ना चाहिए ताकि निष्पक्षता, अखंडता और स्वच्छ खेल के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित हो सके। खेल मंत्रालय की इस शीर्ष अधिकारी ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा यहां इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में एक साथ मिलकर स्वच्छ खेल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण विषय पर आयोजित सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त किये। प्ले टू वीक 2025 के हिस्से के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत में स्वच्छ, निष्पक्ष और मूल्य-आधारित खेलों के माहौल को बढ़ावा देने के लिए बड़ी संख्या में हितधारकों को एक साथ लाया गया। विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) के एशियाओशिनिया कार्यालय की निदेशक मयूमी याया यामामोटो ने इस वर्ष के वैश्विक प्ले टू अभियान में नाडा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इट स्टार्ट्स विद मी अभियान के महत्व पर जोर देते हुए एकजुटता के साथ स्वच्छ खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए आवश्यक साझा जिम्मेदारी पर अपने विचार रखे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने पांच विकेट पर 188 रन बनाये

### दिल्ली की ओर से अभिषेक पोरेल ने सर्वाधिक 49 रन बनाये, जबकि लोकेश राहुल ने 38, कप्तान अक्षर पटेल ने 34 और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 34 रन बनाये



नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल की जुझारू पारी के बाद कप्तान अक्षर पटेल और ट्रस्टिन स्टब्स की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पांच विकेट पर 188 रन बनाए। दिल्ली की ओर से सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए।

उन्होंने लोकेश राहुल (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। अक्षर ने अंत में 14 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 34 रन जबकि स्टब्स ने 18 गेंद में दो चौकों और इतने ही छक्कों से नाबाद 34 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 190 रन के करीब पहुंचाया। रॉयल्स की ओर से जोफ्रा आर्चर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 32 रन देकर दो विकेट चटकाए। वानिंदु हसरंगा (38 रन पर एक विकेट) और महेश तीक्षणा (40 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जैक फ्रेजर मैकगर्क (09) ने जोफ्रा आर्चर पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन इसी तेज गेंदबाज के अगले ओवर में गेंद को हवा में लहराकर यशस्वी जायसवाल को आसान कैच दे बैठे। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले करूण नायर खाता खोले बिना रन आउट हो गए। संदीप शर्मा की गेंद अभिषेक पोरेल के शरीर से टकराकर बैकवर्ड प्वाइंट पर वानिंदु हसरंगा के पास पहुंची और नायर रन लेने के लिए दौड़ पड़े। हसरंगा ने गेंद को संदीप की ओर फेंका जिन्होंने नायर के क्रीज पर पहुंचने से पहले स्टंप उखाड़ दिए। पोरेल ने दूसरे ओवर में तुषार देशपांडे को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में चार चौकों और एक छक्के से 23 रन बटोरे। दिल्ली ने पावर प्ले में दो विकेट पर 46 रन बनाए। अच्छी फॉर्म में चल रहे राहुल ने देशपांडे पर छक्के के साथ सातवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। गेंद के थोड़ा पुराना होने के बाद बल्लेबाजों को रन बनाने में थोड़ी परेशानी हुई जिससे बीच में ओवरों में गेंदबाजों ने रन गति पर अंकुश लगाया। राहुल ने तीक्षणा पर लॉन्ग ऑफ पर छक्के से पोरेल के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। रन गति बढ़ाने का दबाव बल्लेबाजों पर दिख रहा था।

## कैलिफोर्निया ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की मेजबानी करेगा



दुबई। दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात को यह घोषणा की।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है। यह खेल 128 साल बाद ओलंपिक का हिस्सा बनने जा रहा है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह ओलंपिक में हमारे खेल की वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन यह खेल का विस्तार करने का एक शानदार अवसर होगा। तेज-तर्रार, रोमांचक टी20 प्रारूप में ओलंपिक में क्रिकेट नए दर्शकों को आकर्षित करेगा। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों का हिस्सा था। इसे अक्टूबर 2023 में मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र के बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया।

## हमारे बल्लेबाजों में खेल जागरूकता का अभाव था : रहाणे



मुल्लांपुर। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में पंजाब किंग्स से मिली हार में उनके बल्लेबाजों में खेल जागरूकता की कमी (परिस्थितियों के अनुसार नहीं खेल पाना) थी और उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि टी20 प्रारूप में स्ट्राइक रोटेट करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि छक्के मारना। कोलकाता को मंगलवार को यहां एक कम स्कोर वाले मैच में 16 रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन पर आउट हो गई लेकिन उसके गेंदबाजों ने कोलकाता की टीम को केवल 95 रन पर ढ़ेर कर दिया।

रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह सपाट विकेट नहीं था। इससे गेंदबाजों को भी कुछ मदद मिल रही थी। हमें उनकी चुनौती का डटकर सामना करने की जरूरत थी। टी20 में कभी-कभी मेडन ओवर जाने से भी नुकसान नहीं होता। इसी तरह से परिस्थितियों के अनुसार 70 या 80 रन का स्ट्राइक रेट भी बुरा नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह बल्लेबाजी इकाई के रूप में स्ट्राइक रोटेट करने से जुड़ा है। मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट में केवल छक्के मारना सब कुछ नहीं होता। आजकल हम देख रहे हैं कि प्रत्येक बल्लेबाज लंबे शॉट खेलना चाहता है। वह मैदान पर अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करना चाहता है। रहाणे ने कहा कि यह परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करने से जुड़ा है। एक बल्लेबाज के रूप में आपके पास खेल के प्रति जागरूकता होनी चाहिए। हमारे बल्लेबाजों में इसका अभाव था। रहाणे ने हार की जिम्मेदारी ली लेकिन उम्मीद जताई कि उनके बल्लेबाज आगे अपने खेल में सुधार करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं एक कप्तान के रूप में (हार की) जिम्मेदारी लेता हूं। लेकिन व्यक्तिगत रूप से, मुझे यकीन है कि सभी खिलाड़ी, विशेषकर बल्लेबाज, अपने खेल के बारे में सोचेंगे और आगामी मैचों में सुधार करेंगे। इस बीच पंजाब किंग्स के बल्लेबाज नेहल वढेरा ने कहा कि टीम 111 रन पर ढेर होने के बावजूद जीत हासिल करने को लेकर आश्वस्त थी। कम स्कोर पर आउट होने के बावजूद हमने अपना आत्मविश्वास नहीं खोया था। हम जानते थे कि हमारे गेंदबाज यहां अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं तथा जिस तरह से युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन और अपना पहला मैच खेल रहे (जेवियर) बार्टलेट ने गेंदबाजी की वह वास्तव में सराहनीय है।

## भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए मिलेगी चुनौती




लंदन। राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूएस) ने बुधवार को घोषणा की कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत को कनाडा, नाइजीरिया और दो अन्य देशों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

राष्ट्रमंडल खेल 2030 में सौ साल पूरे करेगा। सीडब्ल्यूएस की ओर से यह पुष्टि पीटीआई द्वारा खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाला भारत 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है। सीडब्ल्यूएस ने कहा कि उसे खेलों के 2030 सत्र की मेजबानी के लिए कनाडा और नाइजीरिया के अलावा दो और देशों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्राप्त हुई है। कुल मिलाकर सात देशों ने भविष्य के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है, जिनमें से पांच ने शताब्दी सत्र के आयोजन की रुचि जताई है। सीडब्ल्यूएस ने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड उन दो देशों में से एक है जो 2034 सत्र की मेजबानी करना चाहते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों ने यहां जारी एक बयान में कहा कि अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और ओशिनिया वे क्षेत्र हैं जहां से ईओआई प्रस्तुत किए गए हैं। कनाडा, भारत और नाइजीरिया ने पहले ही सार्वजनिक रूप से पुष्टि कर दी है कि उन्होंने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ईओआई पेश की है। साथ ही दो अन्य देशों ने भी 2030 में मेजबानी के लिए अपनी रुचि जतायी है। उन्होंने कहा कि दो ईओआई 2030 के बाद के खेलों पर केंद्रित है, जिसमें न्यूजीलैंड भी शामिल है। उसने 2034 की मेजबानी में अपनी रुचि का संकेत दिया है। राष्ट्रमंडल खेलों की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैटी सडलेयर ने कहा कि सीडब्ल्यूएस इन खेलों की मेजबानी को लेकर अविश्वसनीय रुचि से रोमांचित है। उन्होंने कहा कि हमारे छह क्षेत्रों में से चार से यह सकारात्मक प्रतिक्रिया राष्ट्रमंडल खेलों के महत्व और महत्व को रेखांकित करती है और ओलंपिक खेलों और पैरालंपिक के साथ-साथ विश्व खेल कैलेंडर में प्रमुख बहु-खेल आयोजन के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाती है। हाल के वर्षों में राष्ट्रमंडल खेलों का भविष्य अनिश्चित लग रहा था क्योंकि बजट की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य ने 2026 खेलों के लिए मेजबानी से अपना नाम वापस ले लिया था। ग्लासगो ने इस आयोजन को बचाने के लिए कदम उठाया, लेकिन खेल कार्यक्रम में कई बदलाव करने के बाद। इसके कार्यक्रम से कई अहम खेलों को हटा दिया गया। भारत 2010 में नयी दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी कर चुका है और 2030 सत्र के लिए जो ईओआई दिये गये है वे सभी बहु-राष्ट्र की बजाय एकल हैं।

## सुरुचि ने लगातार दूसरे विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता, मनु को रजत



लीमा (पेरू)। युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया।

ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है। पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। उसके बाद चीन का नंबर आता है जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 60 शॉट के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि ने 582 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था जबकि मनु ने 578 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी।

भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही। पेरिस ओलंपिक में महिला एयर पिस्टल और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली मनु ने कहा कि वह भारतीय निशानेबाजों की प्रगति से खुश हैं और उन्होंने सुरुचि को उनके दूसरे विश्व कप स्वर्ण पदक के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि मैं यह देखकर खुश हूं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक भारतीय निशानेबाज आगे आ रहे हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे मुझे लगता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हम सभी सुरुचि के नाम से परिचित हैं। उसने ब्यूनस आयर्स (विश्व कप) के साथ-साथ यहां भी असाधारण प्रदर्शन किया। इसलिए मैं उसके लिए वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय इस तरह के प्रदर्शन को जारी रखेगी। मुझे उम्मीद है कि युवा खिलाड़ियों के साथ मैं भी गति बनाए रखूंगी। सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में सौरभ के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य भी जीता था।

# मुंबई और हैदराबाद के मैच में बुमराह की फॉर्म पर रहेगी निगाह



मुंबई। अभी तक आपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को यहां बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। चोटिल होने के कारण तीन महीने बाद वापसी करने वाले बुमराह अभी तक अपनी वैसी लय हासिल नहीं कर पाए हैं जिसके कारण उन्हें दुनिया का सबसे खतरनाक तेज गेंदबाज माना जाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने वापसी मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बुमराह की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में एक नहीं चली और उन्होंने 44 रन लुटाए।

बुमराह को अपनी यार्कर पर नियंत्रण बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इस मैच में दिल्ली के बल्लेबाज करुण नायर ने उन्हें अपने निशाने पर रखा था। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज को अब सनराइजर्स के ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई के लिए अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म भी चिंता का विषय बना हुआ है। रोहित अभी तक पांच मैच में 11.20 की औसत से केवल 56 रन बना पाए हैं। मुंबई अभी तक केवल दो मैच जीत पाया है और वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। उसकी बल्लेबाजी कुछ हद तक सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा पर निर्भर रही है और अगर टीम को अपनी स्थिति में सुधार करना है तो रोहित को बड़ी पारी खेलनी होगी। रोहित ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है लेकिन उन्हें बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करना पड़ा है। इसे देखते हुए सनराइजर्स जयदेव उनादकट को अपने अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। सूर्यकुमार अभी तक अपना निर्मम रवैया नहीं अपना पाए हैं लेकिन तिलक वर्मा ने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ रिटायर्ड आउट दिए जाने के बाद अपने खेल में सुधार किया है। इसके बाद उन्होंने अगले दो मैच में 29 गेंद पर 56 और 33 गेंद पर 59 रन बनाए। मुंबई के लिए नमन धीर का प्रदर्शन भी काफी महत्वपूर्ण होगा जिन्हें डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करने की भूमिका सौंपी गई है। मुंबई अगर दिल्ली के खिलाफ जीत दर्ज कर पाया तो इसमें उसकी शानदार फील्डिंग का अहम योगदान रहा। इससे टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ा होगा। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो उसकी टीम भी संघर्ष कर रही है। उसने भी अभी तक दो मैच जीते हैं लेकिन मुंबई का नेट रन रेट उससे बेहतर है। सनराइजर्स की टीम अभी नौवें स्थान पर है। सनराइजर्स की टीम अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी बल्लेबाजी पर काफी निर्भर है लेकिन उसके प्रमुख बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे टीम 246 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही। इस मैच में अभिषेक ने 141 रन बनाए थे। इस मैच में सनराइजर्स के बल्लेबाज किशन पर भी निगाह होगी जो अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रही है लेकिन गेंदबाज भी इससे मिलने वाली उछाल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# गुजरात में भाजपा को देंगे मात : राहुल

## पेश किया जीत का रोडमैप, आरएसएस और भाजपा को केवल कांग्रेस ही हरा सकती है

मोडासा (गुजरात)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि गुजरात में पार्टी कार्यकर्ता भले ही हतोत्साहित दिख रहे हैं, लेकिन केवल उनकी पार्टी ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा को हरा सकती है।


एक सप्ताह में गुजरात की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद ने राज्य में संगठन को नया रूप देने के लिए रोडमैप पेश किया और पार्टी के उन नेताओं को हटाने का वादा किया जो या तो निष्क्रिय हैं या भाजपा के लिए काम करते हैं। उन्होंने कभी अपना गढ़ रहे गुजरात को अपनी पार्टी के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य बताया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) तथा 30 वर्षों से राज्य की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने का संकल्प व्यक्त किया। गांधी गुजरात में संगठन को नया रूप देने के कांग्रेस के प्रयासों के तहत जिला इकाइयों को मजबूत करने की प्रायोगिक योजना शुरू करने के बाद अरवल्ली जिले के मोडासा शहर में बूथ स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। गुजरात में 2027 के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। एक एआईसीसी पर्यवेक्षक और चार राज्य पर्यवेक्षकों समेत पांच सदस्यों वाली एक समिति गुजरात में पार्टी की 41 जिला इकाइयों (आठ शहरों समेत) में से प्रत्येक के लिए नए प्रमुखों की नियुक्ति की प्रक्रिया की देखरेख करेगी, जिसकी शुरुआत अरवल्ली जिले से होगी। अपने संबोधन में गांधी ने कार्यकर्ताओं से कई वादे किए जैसे कि जिला इकाइयों को अधिक शक्ति एवं धन उपलब्ध कराना, वरिष्ठ नेताओं-कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन का आकलन करना, जमीनी स्तर पर सक्रिय पदाधिकारियों को बढ़ावा देना और उन



नेताओं को हटाना जो या तो निष्क्रिय हैं या भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विचारधाराओं की लड़ाई है। केवल दो ही पार्टियां हैं जिनकी विचारधाराएं हैं - एक भाजपा और दूसरी कांग्रेस। केवल कांग्रेस ही भाजपा और आरएसएस को हरा सकती है। गुजरात पार्टी के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है क्योंकि भाजपा की हार का रास्ता गुजरात से होकर जाता है। गांधी ने उपस्थित लोगों से कहा, एक तरह से, कांग्रेस गुजरात में अस्तित्व में आई क्योंकि पार्टी के दो महान नेता - महात्मा गांधी और सरदार पटेल - इसी राज्य से थे। गांधी ने इस बात को स्वीकार किया कि गुजरात में पार्टी कार्यकर्ता हताश हैं, क्योंकि कांग्रेस लगभग तीन दशकों से राज्य में सत्ता से बाहर है। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराना मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा कि आपको लगता है कि यहां भाजपा को हराना मुश्किल है। लेकिन मैं यहां आपको यह बताने आया हूं कि भाजपा को हराना आसान है और हम निश्चित रूप से इसमें सफल होंगे। हमें पार्टी की कार्यप्रणाली में बस कुछ बदलाव की जरूरत है। स्थानीय नेताओं ने, नेताओं के बीच विनाशकारी प्रतिस्पर्धा और स्थानीय नेतृत्व से परामर्श किए बिना चुनाव टिकटों का बंटवारा जैसे कुछ मुद्दों को उजागर किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कांग्रेस नेताओं को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया - रेस के घोड़े, बारात के घोड़े और लंगड़े घोड़े। उन्होंने कहा कि पार्टी गुजरात में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही, क्योंकि रेस के घोड़ों को शादियों में नचाया जाता है, जबकि जो नाचने के लिए होते हैं, उन्हें दौड़ (चुनाव लड़ने) में हिस्सा लेने के लिए कहा जाता है। गांधी ने कहा कि उन्हें अलग करने का समय आ गया है। हम रेस के घोड़ों को (चुनावों में) दौड़ाएंगे और बारात के घोड़ों को (कोई काम नहीं देंगे) नचाएंगे।

# पूर्वोत्तर की खूबियों को साझा करें विदेशी राजदूत : जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पूर्वोत्तर की प्रासंगिकता समय के साथ बढ़ेगी, साथ ही उन्होंने विदेशी राजदूतों से उस क्षेत्र को देखने, समझने और अपनी सरकारों तथा उद्योग जगत के साथ क्षेत्र की खासियत को साझा करने का आग्रह किया।



पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डीओएनईआर) द्वारा आयोजित होने जा रहे पूर्वोत्तर निवेशक शिखर सम्मेलन 2025 के लिए राजदूतों की एक बैठक को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र कई प्रमुख भारतीय नीतियों - पड़ोसी प्रथम, एक्ट ईस्ट या बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर हमारे पांच पड़ोसियों से जमीन से जुड़ा हुआ है, इसकी सीमाएं भारतीय उपमहाद्वीप और आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन) देशों से जुड़ी हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के निकटतम पड़ोसियों से जुड़ी कई हालिया पहल इसी क्षेत्र से निकली हैं। उन्होंने कहा कि त्रिपक्षीय राजमार्ग और कलादान परियोजना जैसी अन्य पहल भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हर मायने में यह एक केंद्र है, जिसकी प्रासंगिकता समय के साथ और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम चाहते हैं कि आप इसकी कई खूबियों से परिचित हों और इसे अपनी सरकार और उद्योग जगत के साथ साझा करें। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में उनके साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दें। बाद में मंत्री ने राजदूतों के साथ बैठक के बारे में एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार, पर्यटन केंद्र और वैश्विक कार्यस्थल में योगदानकर्ता के रूप में पूर्वोत्तर की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

संक्षेप

## मुर्शिदाबाद दंगे पूर्व नियोजित थे : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद में हाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा को बुधवार को पूर्व नियोजित करार दिया और साथ ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वर्ग, गृह मंत्रालय के तहत आने वाली केंद्रीय एजेंसियों तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कथित तौर पर बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ कराकर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने मुस्लिम धार्मिक नेताओं के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दमनकारी वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लागू नहीं करने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि यह कानून देश को विभाजित करेगा। ममता ने प्रधानमंत्री मोदी से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को नियंत्रण में रखने का अनुरोध किया और उन पर अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए देश को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने दावा किया कि पड़ोसी बांग्लादेश में अस्थिर स्थिति के बावजूद केंद्र ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को जल्दबाजी में पारित कर दिया और अवैध सीमा पार से घुसपैठ की अनुमति दी, जिसके कारण बंगाल में अशांति फैली। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीएसएफ के एक वर्ग और गृह मंत्रालय के अधीन कुछ केंद्रीय एजेंसियों ने हिंसा को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई।

# ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा से दूसरे दिन पूछताछ की

नयी दिल्ली। कारोबारी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाद्रा 2008 के हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार लगातार दूसरे दिन पूछताछ की।

वह पूर्वाह्न करीब 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी प्रियंका गांधी वाद्रा भी थीं, जो केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद हैं। रॉबर्ट वाद्रा के ईडी कार्यालय के अंदर जाने से पहले दोनों गले मिले। प्रियंका गांधी इस दौरान एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित एजेंसी के कार्यालय प्रवर्तन भवन के आगंतुक कक्ष में रहीं और दोपहर करीब एक बजकर 10 मिनट पर उनके पति को दोपहर के भोजन अवकाश के लिए घर जाने की अनुमति मिलने पर उनके साथ चली गईं। सांसद को जेड प्लस केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) सुरक्षा प्राप्त है और इस दौरान सुरक्षाकर्मी बाहर इंतजार कर रहे थे। भोजन अवकाश के बाद भी पूछताछ जारी रहने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को वाद्रा से करीब पांच घंटे तक पूछताछ की गई और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत संघीय जांच एजेंसी ने उनके बयान दर्ज किए।

# कांग्रेस को निशाना बना रही सरकार: खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेशनल हेराल्ड मामले का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली निरंकुश सरकार अपने पाप पर पर्दा डालने के लिए उनकी पार्टी को निशाना बनाने पर तुली हुई है।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस डरने वाली नहीं है और वह सरकार की नाकामियों को उजागर करती रहेगी। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी जी, आपकी निरंकुश सरकार अपने पाप पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस को निशाना बनाने पर तुली हुई है। भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। हताशा बढ़ती जा रही है, कोई दृष्टि नहीं, कोई समाधान नहीं, केवल ध्यान भटकाना। उन्होंने दावा किया कि व्यापार घाटा तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और टैरिफ एवं व्यापार युद्ध पर कोई स्पष्टता नहीं दिख रही है तथा केवल खोखले शब्द और निरर्थक मुलाकातें हो रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि 90 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने बताया कि वस्तुओं की कीमतें बढ़ गई हैं। 80 प्रतिशत से अधिक लोगों का कहना है कि उनका खर्च बढ़ गया, भले ही आय में वृद्धि नहीं हुई। खरगे ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में एफएमसीजी कंपनियों की राजस्व वृद्धि धीमी होकर केवल पांच प्रतिशत रह गई है। उन्होंने दावा किया, मोदी सरकार ने पेट्रोल, डीजल और ईंधन पर कराशुल्क के रूप में (दिसंबर, 2024 तक) 39 लाख करोड़ रुपये का भारी संग्रह किया। रसोई गैस की कीमतें 50 रुपये तक बढ़ाई गईं।

# नक्सलवाद के खात्मे को पूरी ताकत से हो रहा काम : मुख्यमंत्री



रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को कहा कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए सरकार पूरी ताकत और समर्पण के साथ काम कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में बुधवार को बस्तर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष प्रेरणा में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें साय ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को हितग्राही मूलक योजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता से निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के विकास की यात्रा अब ठहराव नहीं बल्कि निरंतर गति की मांग करती है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और हर हितग्राही तक शासन की पहुंच सुनिश्चित हो। साय ने कहा कि बस्तर अब पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं बल्कि नए भारत की संभावनाओं का प्रवेश द्वार बन रहा है और यहां का हर गांव, हर परिवार विकास की मुख्यधारा से जुड़े, यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान, आधार, आवास और विद्युतीकरण जैसी योजनाएं केवल सरकारी परियोजनाएं नहीं, बल्कि आम जन की गरिमा और सुरक्षा की गारंटी हैं। साय ने कहा कि बस्तर के युवा हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। हम उन्हें सिर्फ कौशल नहीं, स्वाभिमान देना चाहते हैं। अब हमारा मंत्र है, हर घर में उजाला, हर हाथ में रोजगार और हर दिल में विश्वास। यही बस्तर की नई पहचान होगी और यहीं से छत्तीसगढ़ की विकास गाथा को नई ऊंचाई मिलेगी। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में कहा कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए सरकार पूरी ताकत और समर्पण के साथ काम कर रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में नक्सल उन्मूलन का कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और यह लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने का संकल्प है। हमारे सुरक्षा बलों का साहस, समर्पण और रणनीति के साथ काम करना इस दिशा में बड़ी उपलब्धि है। साय ने कहा कि इस बात की आवश्यकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम व्यक्तिगत लाभ आधारित योजनाओं को प्राथमिकता दें।

# गाजा, लेबनान, सीरिया में बने रहेंगे इजराइली सैनिक

यरूशलम। इजराइल के रक्षा मंत्री ने बुधवार को कहा कि इजराइली सैनिक गाजा पट्टी में तथाकथित सुरक्षा क्षेत्रों, लेबनान और सीरिया में अनिश्चितकाल तक बने रहेंगे। रक्षा मंत्री के इस बयान से युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को लेकर हमास से जारी बातचीत की दिशा में फिर से जटिलता उत्पन्न हो सकती है।

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा में इजराइली हमलों में 22 अन्य लोग मारे गए, जिनमें एक बच्ची भी शामिल है जो अभी एक साल की भी नहीं हुई थी। हमले में घायल हुई बच्ची की मां ने अपनी बेटी को दफनाए जाने से पहले उसे गले लगाया, जो अब भी खून से सनी नीली और सफेद



पोशाक में थी। पिछले महीने इजराइल द्वारा युद्धविराम समाप्त किए जाने के बाद हमास पर बंधकों को रिहा करने के लिए दबाव बनाने के वास्ते इजराइली बलों ने हाल के हफ्तों में गाजा के आधे से अधिक क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने एक बयान में कहा, पूर्व की तरह (इजराइली सेना) उन क्षेत्रों से नहीं हटने जा रही है जिन्हें खाली करा दिया गया है और कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सेना लेबनान और सीरिया की तरह गाजा में किसी भी अस्थायी या स्थायी स्थिति में दुश्मन और (इजराइली) समुदायों के बीच सुरक्षा प्रदान करने के लिए ढाल के रूप में सुरक्षा क्षेत्रों में बनी रहेगी। इजराइल ने पिछले साल हिज्बुल्ला समूह के साथ युद्धविराम के बाद लेबनान के कुछ क्षेत्रों से हटने से भी इनकार कर दिया है और राष्ट्रपति बशर असद को उखाड़ फेंकने के बाद उसने दक्षिणी सीरिया में एक बफर जोन पर कब्जा कर लिया है। वह हमास के सात अक्टूबर, 2023 के हमले की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ऐसे क्षेत्रों पर नियंत्रण बनाए रखेगा।

# प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के लिए महिला पुलिसकर्मी निलंबित

नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में तीन दिन पहले दर्ज बलात्कार के एक मामले की जांच में कथित लापरवाही के लिए एक महिला जांच अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अधिकारी ने 12 अप्रैल को बलात्कार की शिकायत पर मालवीय नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने में कथित तौर पर देरी की। अधिकारी कहा कि महिला अधिकारी जारी जांच का हवाला देकर शिकायत को दैनिक डायरी प्रविष्टि के रूप में चिह्नित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी पर संवेदनशील मामले को संभालने में नियमों का पालन करने में विफल रहने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि जांच के नाम पर उन्हें एक पुलिस कार्यालय से दूसरे पुलिस कार्यालय भेजा जाता रहा, इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित परिवार से संपर्क भी किया। आरोपों के बाद विभागीय जांच की गई और आरोपों की पुष्टि होने के बाद अधिकारी को निलंबित कर दिया गया।

इंटरटेनमेंट...

# संगीत में एआई का दुरुपयोग बेहद खतरनाक

मुंबई। ऑस्कर पुरस्कार विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान का कहना है कि संगीत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल के अच्छे और बुरे दोनों पहलू हैं, लेकिन अगर इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो अराजकता फैल जाएगी। उन्होंने कहा कि वह संगीत में नयी तकनीक के इस्तेमाल के खिलाफ नहीं हैं और वास्तव में उन्होंने रजनीकांत अभिनीत फिल्मै लाल सलामै के एक गीत थिमिरी येझुदा के लिए दिवंगत गायकों बंबा बाक्या और शाहुल हमीद की आवाज के लिए एक एआई सॉफ्टवेयर इस्तेमाल किया। रहमान ने कहा कि लेकिन उन्होंने संगीतकारों के परिवार से उचित अनुमति लेकर ऐसा किया। रहमान ने स्वीकार किया कि संगीत में एआई का उपयोगै बेतहाशा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कुछ गीत बहुत खराब हैं, और उनमें लोकप्रिय गायकों की



आवाज इस्तेमाल की गई है। इसे नियंत्रित करने की जरूरत है, क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अराजकता फैल जाएगी। उन्होंने कहा कि एआई प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए नियम होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, इसके अच्छे और बुरे दोनों पहलू हैं, और अच्छी चीजों का इस्तेमाल उन लोगों को सशक्त बनाने के लिए किया जाना चाहिए, जिन्हें कभी अपने विजन को अमल में लाने का मौका नहीं मिला।

लेकिन इसका गलत तरीके से इस्तेमाल करना हमारे लिए बुरा है। यह ऑक्सीजन में जहर मिलाने और उसे सांस के साथ अंदर लेने जैसा है। उन्होंने कहा, नियम होने चाहिए, जैसे कि कुछ चीजें आप नहीं कर सकते। जैसे, समाज में नैतिकता या व्यवहार के बारे में बात की जाती है, सॉफ्टवेयर और डिजिटल दुनिया में भी ऐसा होना चाहिए।

# अभिनेता वीर दास ने एयर इंडिया पर लगाये गंभीर आरोप

नयी दिल्ली। कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास ने मंगलवार को कहा कि विमानन कंपनी एयर इंडिया ने उनकी पत्नी के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराई जबकि उन्होंने पहले से ही प्रणाम सेवा पर इसे बुक करवा लिया था। दास की पत्नी के पैर की हड्डी टूटी हुई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने वीर के उक्त दावों का जवाब देते हुए यह स्वीकार किया कि सेवा में कमी रही। उन्होंने कहा कि वीर की पत्नी शिवानी माथुर को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में देरी हुई लेकिन इसके लिए मना नहीं किया गया था। दास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक लंबी पोस्ट में विमानन कंपनी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने सोमवार शाम को मुंबई से दिल्ली की यात्रा करने के लिए



एयर इंडिया की उड़ान में दो सीट बुक की थी और प्रत्येक सीट के लिए 50-50 हजार रुपये का भुगतान भी किया था, लेकिन इस सफर के दौरान उन्हें (वीर और उनकी पत्नी) कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, प्रिय एयर इंडिया, कृपया अपनी व्हीलचेयर वापस ले लें।

## निर्देशक अनुषा रिजवी की अगली फिल्म में काम करेंगी कृतिका कामरा

मुंबई। भीड़, बंबई मेरी जान, और ग्यारह-ग्यारह जैसी फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री कृतिका कामरा, पीपली लाइव से मशहूर अनुषा रिजवी द्वारा निर्देशत एक आगामी महिला-प्रधान ड्रामा में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज द्वारा किया जा रहा है और इसमे शीबा चड्ढा और श्रेया धनवंतरी भी काम करेंगी। फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है। दिल्ली की जीवंत पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक मार्मिक मानवीय कहानी को उजागर करती है जो अपनी नायिकाओं की ताकत और दृढ़ता को दर्शाती है।

# मेरे पिता मेरे अभिनय के सपने से डरे हुए थे : बाबिल

नयी दिल्ली। मशहूर अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान का कहना है कि उनके पिता हमेशा उनकी यादों और बातों में जिंदा हैं और उनका सपना अपने पिता की तरह ही एक कलाकार बनना है। बाबिल कहते हैं कि वह अपने इस सपने को स्वीकारने से डरते थे क्योंकि सच कहूं तो इरफान खान बहुत उम्दा कलाकार थे और देखा जाए तो बाप-बेटे के बीच अपना अपना एक अहम भी होता है।

इरफान उन चुनिंदा भारतीय कलाकारों में शामिल हैं जिन्होंने न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी खूब नाम कमाया। बाबिल (26) अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए कला जैसी फिल्म और द रेलवे मेन जैसी वेबसीरीज से अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। उनके फिल्मी करियर की राह में कई मोड़ आए। बाबिल एक खिलाड़ी बन सकते थे, लेकिन एक चोट ने उनकी आकांक्षाओं पर पूर्ण विराम लगा दिया और फिर वह ब्रिटेन की एक यूनिवर्सिटी से सिनेमैटोग्राफी का कोर्स करने पहुंच गए। उन्होंने कहा



कि वह अपने पिता से यह कहने से डरते थे कि वह भी फिल्मों में आना चाहते हैं। बाबिल ने कहा, क्योंकि बाप-बेटे के बीच अपना एक अहम होता है, ये भी डर था कि अगर मैं नाकाम हो गया तो? क्योंकि वह बहुत महान कलाकार थे। लेकिन आखिर में मैंने उनसे अपने दिल की बात कह दी। यह सुनकर वह मेरे लिए काफी डर गए क्योंकि वह जानते थे कि उन्होंने मुझे कैसे पाला है। मैं बहुत संवेदनशील बच्चा था।

उन्होंने बताया कि अब उन्हें यह अहसास हुआ है कि उन्हें सिनेमैटोग्राफी पसंद है लेकिन फोटोग्राफी के एक शौक की तरह। बाबिल का कहना था मेरा जुनून परफोर्मेंस है। ये अभिनय भी हो सकता है, संगीत भी हो सकता है। अभी मैं बहुत ही शर्मिला किस्म का गायक हूं। थोड़ा अभिनय करने के बाद मैं इसमें हाथ आजमाना चाहूंगा। बाबिल जब पढ़ रहे थे तभी इरफान को पता चला था कि उन्हें कैंसर है। इरफान खान का अप्रैल 2020 में निधन हो गया। बाबिल ने उन दिनों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, मैं यूनिवर्सिटी से वापस आकर बाबा के साथ समय बिताने वाला था। मैंने सोचा ही नहीं था कि वह हमें छोड़कर चले जाएंगे। ममा (मां) को भी लगता था कि वह कैंसर से 100 प्रतिशत ठीक हो जाएंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com